RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty ●well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



वर्ष : 27 | अंक : 78 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 09 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हमला

## दीवारों पर लिखे गए भड़काऊ नारे, भारत ने की कड़ी निंदा






**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और मंदिर की दीवारों पर हिंदू विरोधी और भारत विरोधी नारे लिखे गए। इस घटना के बाद भारतीय समुदाय में रोष है, वहीं भारत सरकार ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'हम कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में हिंदू मंदिर में हुई बर्बरता की कड़ी निंदा करते हैं। यह एक घृणित कृत्य है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम स्थानीय प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।' भारत ने इस घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया हो। इससे पहले भी कई मंदिरों पर हमले किए गए और दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे गए।

मंदिर में तोड़फोड़ के साथ-साथ दीवारों पर 'हिंदू वापस जाओ' और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक नारे लिखे गए। इस घटना के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय में डर और गुस्से का माहौल है। समुदाय के नेताओं ने स्थानीय प्रशासन से इस घटना की गहन जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

भारत सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से हिंदू मंदिरों की सुरक्षा पुख्ता करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की है। भारतीय दूतावास इस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क में है।

BAPS पब्लिक अफेयर्स ने एक्स पोस्ट में लिखा, चिनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा का वातावरण बना रहे। अब तक चिनो हिल्स पुलिस विभाग की ओर से इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, स्थानीय हिंदू समुदाय ने इस हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। हाल के वर्षों में अमेरिका में हिंदू समुदाय और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं।

### बीते वर्षों में इन मंदिरों पर हमले हो चुके है

- 3 अगस्त और 16 अगस्त 2022-श्री तुलसी मंदिर, क्वींस, न्यूयॉर्क
- 30 अक्टूबर 2023 - हरि ओम राधा कृष्ण मंदिर, सैक्रामेंटो
- 23 दिसंबर 2023 - एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, कैलिफोर्निया
- 1 जनवरी 2024 - शिव दुर्गा मंदिर, सांता क्लारा, कैलिफ़ोर्निया
- 5 जनवरी 2024 - श्री अष्ट लक्ष्मी मंदिर, फ्रेमोंट, कैलिफोर्निया
- 5 जनवरी 2024 - विजय का शेरावाली मंदिर, हेवर्ड, कैलिफोर्निया
- 11 जनवरी 2024 - श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, डबलिन, कैलिफोर्निया
- 17 सितंबर 2024 - बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर, मेलविले, न्यूयॉर्क
- 25 सितंबर 2024 - बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर, सैक्रामेंटो, कैलिफोर्निया

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बिगड़ी तबीयत, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सीने में दर्द के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक 73 साल के धनखड़ को डॉ. राजीव नारंग के अंडर में क्रिटिकल केयर यूनिट में ऐडमिट किया गया है।

सूत्रों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रख रही है। उपराष्ट्रपति का हाल जानने के लिए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा अस्पताल पहुंचे हैं।



# 10 एकड़ जमीन पर बनेगा एम्स का सेटेलाइट सेंटर

**साहिबाबाद।** अखिल भारतीय आयु विज्ञान संस्थान (एम्स) का सेटेलाइट सेंटर गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर सात में बनने का रास्ता साफ हो गया। शुक्रवार को आवास विकास परिषद की लखनऊ में हुई बोर्ड बैठक में जमीन देने का प्रस्ताव पास हो गया है। आवास विकास परिषद 10 एकड़ जमीन एम्स को देगा। इस जमीन की कीमत करीब 487 करोड़ रुपये है।

चुनाव से पूर्व गाजियाबाद आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में एम्स का सेटेलाइट सेंटर बनाए जाने की थी। इसके बाद से इसकी तैयारियां तेज हो गई थीं। आवास विकास परिषद की ओर से एम्स के अधिकारियों को वसुंधरा, सिद्धार्थ विहार और मंडोला विहार योजना में जमीन दिखाई थी।



वसुंधरा की लोकेशन बेहतर होने पर यहां की जमीन पर ही बनने के कयास लगाए जा रहे थे। शुक्रवार को लखनऊ में आवास विकास की बोर्ड बैठक में जमीन देने के प्रस्ताव पास होते ही वसुंधरा सेक्टर सात में अस्पताल बनने का रास्ता साफ हो गया।

# क्रिकेटर सुरेश रैना के रिश्तेदारों की हत्या करने वाला असद मुठभेड़ में ढेर

## छैमार गिरोह के सरगना पर था 1 लाख का इनाम



● वर्ष 2020 में पठानकोट में डकैती के दौरान की थीं हत्याएं

**मथुरा ( एजेंसी )।** हाईवे थाना क्षेत्र में आज सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान 1 लाख रुपये के इनामी छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को गोली लगी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान फाती के दो साथी भागने में सफल रहे। उनकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें शहर और ग्रामीण इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। मृत सरगना फाती उर्फ असद हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर का रहने वाला था। उसके खिलाफ लूट, डकैती और हत्या के 36 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। मथुरा समेत कई जिलों में पुलिस को उसकी तलाश थी।

मुठभेड़ में ढेर हुआ बदमाश हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर का रहने वाला था। वर्ष 2020 में पठानकोट में डकैती के दौरान भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना के फूफा, बुआ और उनके बेटे की हत्या में वह शामिल था। यूपी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में उसके खिलाफ 18 से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

एसएसपी शैलेश कुमार पांडे को सूचना मिली थी कि बदमाश मथुरा में वारदात को अंजाम देने आए हैं। पुलिस ने हाईवे स्थित कृष्ण कुंज कॉलोनी में बदमाशों को घेर लिया। आज तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें असद घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस गिरोह के 12 अन्य सदस्य पहले ही उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। 2023 में मुजफ्फरपुर पुलिस ने असद के साथी राशिद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। मथुरा पुलिस अब भागे हुए बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# राजा भैया के खिलाफ पत्नी भानवी सिंह ने दर्ज कराई एफआईआर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

भानवी सिंह ने अपने पति पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनकी शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 498ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

भानवी सिंह का आरोप है कि राजा भैया पिछले कई वर्षों से उनके साथ क्रूरता कर रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने पहले भी 20 मार्च 2023 को NCW और DLSA में शिकायत की थी, लेकिन सुधार की उम्मीद में उसे वापस ले लिया था। हाल की मेडिकल रिपोर्ट और लगातार मिल रही मौत की धमकियों के चलते उन्होंने फिर से शिकायत दर्ज कराई है।

भानवी ने बताया कि उनकी शादी 1995 में हुई थी, और शादी के बाद उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि राजा भैया अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके खिलाफ कई मामले दिल्ली व यूपी में लंबित हैं।

# ग्रेटर नोएडा में जाम दूर करेगा एक और यूटर्न

## गैलेक्सी वेगा गोल चक्कर के पास काम शुरू

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव से निपटने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से लगातार प्लानिंग की जा रही है। इसी कड़ी में एकमूर्ति गोलचक्कर के आगे गैलेक्सी वेगा गोलचक्कर के बीच नया यूटर्न बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही टाउन सेंट्रल मॉल के पास बन रहे यूटर्न का काम अगले माह तक पूरा होने की उम्मीद है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस एरिया में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिसकी वजह से वाहनों का दबाव मुख्य सड़क पर काफी हो गया है। सुबह और शाम के समय में वाहनों की संख्या काफी अधिक रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए जाम की समस्या के निदान के लिए गौड़ चौक पर अंडर पास का कार्य तेजी से चल रहा है।

इसके बाद ही एकमूर्ति के पास गैलेक्सी वेगा सोसायटी के सामने मुख्य रोड़ पर एक नया यू टर्न बनाया जाएगा। जिसका कार्य गुरुवार से शुरू कर दिया गया है। जेसीबी के माध्यम से खुदाई कराई गई है। ये कार्य लगभग एक माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसके बाद जनता के लिए यू टर्न को खोल दिया जाएगा। इसके साथ ही एकमूर्ति गोल चक्कर के दूसरे तरफ पहले ही यू टर्न बना लिया गया है। दोनों तरफ यू टर्न बन जाने के बाद एक मूर्ति गोल चक्कर पर ट्रैफिक जाम से काफी राहत मिलेगी। ग्रेनो वेस्ट के निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वाहनों का दबाव सुबह और शाम के समय काफी अधिक रहता है।

# ट्रैफिक पुलिस का स्पीड रडार अभियान तेज रफ्तार वाहनों पर कसा शिकंजा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने महामाया फ्लाइओवर के पास तेज गति से चलने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। डीसीपी ट्रैफिक नोएडा के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा स्पीड रडार की मदद से निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज चलने वाले वाहनों की जांच की जा रही है।

अभियान के दौरान कई वाहनों का चालान किया गया और यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि तेज गति से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है, जिसे रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# गोकशी और गैंगस्टर के आरोपी से पुलिस की मुठभेड़



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर पुलिस ने गोकशी और गैंगस्टर के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से एक 315 बोर तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार के अनुसार, थाना दनकौर पुलिस जेपी स्पोर्ट्स सिटी के निर्माणाधीन क्लब के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी और कच्चे रास्ते की ओर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान फरीद पुत्र सुनपत के रूप में हुई है। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस कॉम्बिंग कर रही है।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि फरीद पहले भी गोकशी और गैंगस्टर एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो घायल, एक गिरफ्तार



**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेज-3 पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि तीसरे को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल, तमंचा, कारतूस और करीब 20 लाख रुपये की चोरी की गई ज्वैलरी बरामद की है।

डीसीपी नोएडा सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, थाना फेज-3 पुलिस गढ़ी गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान यामाहा आर-15 बाइक सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और पर्थला ब्रिज की ओर भाग निकले। बदमाश ग्रीन बेल्ट में घुस गए, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान विक्रम और मोनू नामक दो बदमाशों को पैर में गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीसरा बदमाश भी पकड़ा गयाघटना के बाद तीसरा बदमाश विशाल उर्फ लंगड़ा मौके से फरार हो गया था। हालांकि, पुलिस ने कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी नोएडा सेंट्रल ने बताया कि बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड गंभीर है। बीते 2 मार्च को गढ़ी चौखंडी में एक बंद घर से चोरी किए गए 20 लाख रुपये के आभूषण और नकदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तार विशाल उर्फ लंगड़ा पर गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और गाजियाबाद में चोरी, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच कर रही है।

## सुरक्षा में चूक

लंदन में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा में जो चूक हुई है, वह कोई सामान्य घटना नहीं है। खामोश नहीं बैठा जा सकता और न ही बर्दाश्त किया जा सकता है, लिहाजा यह निंदनीय घटना है। कुछ भी हो सकता था! जो खालिस्तान-समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था! यकीनन यह ब्रिटिश पुलिस की लापरवाही है। उस खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय ध्वज 'तिरंगे' का भी अपमान किया। सवाल यह है कि जहां विदेश मंत्री बैठक कर रहे थे, उसी स्थल के करीब खालिस्तान समर्थकों को, उनके कथित झंडे के साथ, प्रदर्शन करने की अनुमति क्यों दी गई? क्या ब्रिटिश सरकार और पुलिस का ऐसे अलगाववादी तत्त्वों के प्रति रवैया कुछ ज्यादा उदार और लचीला हो गया है? यदि यह सुरक्षा चूक, किसी विदेशी मंत्री या प्रतिनिधि के संदर्भ में, भारत में हो जाती, तो पश्चिमी और यूरोपीय देश आसमान सिर पर उठा लेते! सवाल और जिज्ञासा यह भी है कि आखिर अमरीका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देशों में खालिस्तान-समर्थक इतने निरंकुश और सक्रिय क्यों हैं? यह पहली घटना नहीं है। मार्च, 2023 में भारतीय उच्चायोग से 'तिरंगा' उतार दिया गया था। ये सभी देश भारत के मित्र-देश, रणनीतिक साझेदार देश होने का भी दावा करते रहे हैं और खालिस्तानी उग्रवादियों, समर्थकों को भी पालते-पोसते रहे हैं। क्या यह दोगलापन नहीं है? क्या ये देश वैचारिक और बुनियादी तौर पर 'खालिस्तान' को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने के पक्षधर हैं? यदि यह सोच है, तो वह पूरी तरह भारत-विरोधी है। सिर्फ कूटनीति या संबद्ध देश के उच्चायुक्त अथवा राजदूत को तलब कर, अपनी तल्खी दिखाने मात्र से ही इस सोच का समाधान हासिल नहीं होगा। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के स्तर पर यह द्विपक्षीय संवाद होना चाहिए कि खालिस्तान का समर्थन स्वीकार्य नहीं है। इन देशों को लोकतंत्र और मानवाधिकार की परिभाषाएं, कमोबेश भारत के संदर्भ में, बदलनी पड़ेंगी। क्या ये देश यह नहीं जानते कि भारत ने खालिस्तानी उग्रवादियों के खिलाफ कितनी लंबी लड़ाई लड़ कर उन्हें कुचला है और कितनी कुर्बानियों के बाद आज भारत और पंजाब में शांति-स्थिरता का माहौल है? गौरतलब यह है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे ऋषि सुनक की सरकार ने खालिस्तानियों पर शिकंजा कसने के लिए कई कदम उठाए थे। टास्क फोर्स को 1 करोड़ रुपए का फंड दिया था, ताकि सरकार खालिस्तान-समर्थक उग्रवाद से पैदा हुए खतरों को समझ सके। उनकी ऑनलाइन-ऑफलाइन धन उगाही पर भी निगरानी रखी गई थी। सुनक सरकार ने सिख समुदाय के साथ सक्रिय होकर काम किया, ताकि गुरुद्वारों और धर्मार्थ संगठनों का इस्तेमाल धन उगाही के लिए न किया जा सके। अब वहां प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार है। उनका खालिस्तानियों के प्रति रुख नरम रहा है। बीते दो साल में स्टार्मर सरकार ने टास्क फोर्स को कोई नया फंड नहीं दिया, लिहाजा वह निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर है। चरमपंथियों की जो निगरानी की जा रही थी, वह भी शिथिल पड़ी है। ब्रिटिश गृह सचिव कूपर ने एक रपट पेश की थी, लेकिन उसमें सिर्फ खालिस्तान समर्थकों का जिक्र था, उन पर कार्रवाई को लेकर कोई उल्लेख नहीं था। खालिस्तान को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है, लिहाजा अधिकारी भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने से हिचक रहे हैं। बहरहाल हमारे विदेश मंत्री ने यह महत्वपूर्ण घोषणा जरूर की-'मुझे लगता है कि हम जिस हिस्से का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है।'

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे मुनि! सुनिए, मोह तो उसके मन में होता है, जिसके हृदय में ज्ञान-वैराग्य नहीं है। आप तो ब्रह्मचर्यव्रत में तत्पर और बड़े धीर बुद्धि हैं। भला, कहीं आपको भी कामदेव सता सकता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नारद कहेउ सहित अभिमाना। कृपा तुम्हारि सकल भगवाना॥**
**करुनानिधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गरब तरु भारी॥**

नारदजी ने अभिमान के साथ कहा- भगवन! यह सब आपकी कृपा है। करुणानिधान भगवान ने मन में विचारकर देखा कि इनके मन में गर्व के भारी वृक्ष का अंकुर पैदा हो गया है॥

**बेगि सो मैं डारिहउँ उखारी। पन हमार सेवक हितकारी॥**
**मुनि कर हित मम कौतुक होई। अवसि उपाय करबि मैं सोई॥**

मैं उसे तुरंत ही उखाड़ फेंकूँगा, क्योंकि सेवकों का हित करना हमारा प्रण है। मैं अवश्य ही वह उपाय करूँगा, जिससे मुनि का कल्याण और मेरा खेल हो॥

**तब नारद हरि पद सिर नाई। चले हृदयँ अहमिति अधिकाई॥**
**श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी॥**

तब नारदजी भगवान के चरणों में सिर नवाकर चले। उनके हृदय में अभिमान और भी बढ़ गया। तब लक्ष्मीपति भगवान ने अपनी माया को प्रेरित किया। अब उसकी कठिन करनी सुनो॥

(क्रमशः...)

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

भारतीय मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी।

इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग



*फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है।*

करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर 'जजिया' वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढकना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

**- ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## छोटी बहन से मदद (बाल कहानी)

शेखू चौथी कक्षा में हो गया था। इस कक्षा से उसे संस्कृत भी पढ़नी थी। उसने संस्कृत की किताब खोलकर देखी तो लगा यह तो मैथेमैटिक्स की बहन है। वह चाहता था कि संस्कृत पढ़ाई के मैदान से हट जाए मगर उसके चाहने से कुछ हो नहीं सकता था। परीक्षा पास करने के लिए संस्कृत पढ़नी ही थी। उसके मम्मी-पापा को भी संस्कृत नहीं आती थी। पापा ने शेखू को अपने किसी सहपाठी की मदद लेने को कहा तो वह बोला मैं खुद कर लूंगा। मम्मी बोली संस्कृत अच्छी तरह पढ़ सको इसलिए कुछ समय के लिए ट्यूशन रख देते हैं पर वह नहीं माना। पापा ने फिर समझाया, 'बेटे अपना काम खुद करना अच्छी बात है मगर जो काम कठिन लगे उसे किसी और से सीख लेना चाहिए। एक दूसरे के सहयोग से ही हमारे जीवन में अनेक काम होते हैं।'

बात शेखू की समझ में आ गई। पापा ने अपने जानने वाले एक अध्यापक से अनुरोध किया तो वे मान गए। कई बार शेखू होम वर्क करते करते लेट हो जाता, कभी वह किसी काम से बाहर गए होते। ट्यूशन ठीक ढंग से नहीं हो पाई, संस्कृत शेखू को मैथ ही लगती रही। परीक्षा में शेखू के अच्छे अंक नहीं आए। अगला साल शुरू हो गया। शेखू पांचवीं कक्षा में हो गया और उसकी छोटी बहन, अन्नू चौथी कक्षा में, अब उसे भी संस्कृत पढ़नी थी। संयोग रहा कि उसे शुरू से ही संस्कृत समझ आने लगी। कुछ महीनों में ही वह संस्कृत अच्छी तरह से पढ़ने व समझने लगी। लिखती तो टीचर पूरी कक्षा को दिखाती थी उसकी अभ्यास पुस्तिका। अन्नू को पता था कि भैया को संस्कृत कम समझ आती है। उसने कहा भैया आओ मैं समझा देती हूं मगर शेखू बोला तुम मुझसे छोटी हो मैं तुमसे मदद क्यों लूं?

मम्मी ने समझाया, 'बेटे हर विषय में सबकी सीखने की क्षमता एक जैसी नहीं होती। किसी को कोई विषय अच्छा लगता है तो दूसरे को दूसरा कोई और अच्छा व आसान। दूसरों से कुछ भी सीखना हो



**बात शेखू की समझ में आ गई। पापा ने अपने जानने वाले एक अध्यापक से अनुरोध किया तो वे मान गए। कई बार शेखू होम वर्क करते करते लेट हो जाता, कभी वह किसी काम से बाहर गए होते। ट्यूशन ठीक ढंग से नहीं हो पाई, संस्कृत शेखू को मैथ ही लगती रही।**

तो यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि सिखाने वाला छोटा है या बड़ा, मोटा है या पतला। हमें ईमानदारी से मेहनत कर, सीखने की तरफ ध्यान देना चाहिए। मम्मी प्लीज, शेखू बोला। नो प्लीज, अन्नू तुम्हारी बहन है। तुम्हारी हमउम्र है, छोटी हुई तो क्या हुआ। उसे अच्छे से संस्कृत पढ़ना, लिखना आता है। वह तुम्हारी मदद करना चाहती है, कर सकती है। तुम्हें क्या प्राब्लम है? तुम्हें इस बारे कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। तुम अपने कमरे में जाओ और विचार करो सोचो कि तुम्हें ऐसा करना चाहिए या नहीं। सोचकर निश्चय कर बताना, जाओ।

शेखू अपने कमरे में आ गया और सोचने लगा, जरा सी बात के लिए उसके दिमाग में खूब उथल पुथल हुई। आखिर उसे समझ आ गया कि फायदा तो उसका ही है। संस्कृत पढ़ने के लिए उसे घर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा, हमारे पैसे भी बचेंगे और अन्नू की मदद जब चाहे ले सकता हूं। इस बहाने संस्कृत अच्छी तरह से आ जाएगी, फिर अंक भी अच्छे ही आएंगे। टीचर भी नहीं डांटेगी और मम्मी पापा भी शाबाशी देंगे। अन्नू को भी अच्छा लगेगा।

अगले दिन जब वह स्कूल से आया तो उसकी मम्मी ने उसे अन्नू से कहते पाया, 'यार तू मेरी छोटी बहन है न, प्लीज तू मुझे संस्कृत सिखा देगी न? उधर अन्नू तो पहले से ही टीचर बनने को तैयार थी। उसने कहा, 'भैया तुम फिक्र मत करो। मैं तुम्हारी पूरी मदद करूंगी।' शेखू और अन्नू के आपसी सहयोग ने कमाल कर दिया। शेखू ने संस्कृत अच्छे ढंग से सीखी और मेहनत व लगन के कारण उसके अंक भी पहले से कहीं अच्छे आए। उसे समझ आ गया था कि जरूरत पड़े तो मदद, छोटों से लेना भी बुरा नहीं।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
ओजस्वी, तेजस्वी बने रहेंगे। एक बहुत अच्छी ऊर्जा आपमें आ गई है। स्वास्थ्य में सुधार।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन व्यथित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य,प्रेम, व्यापार मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़। कोर्ट-कचहरी में विजय। प्रेम, संतान ठीक-ठाक। व्यापार तो बहुत अच्छा हो गया है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
लिखने, पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रेम, संतान सुधर चुका है। स्वास्थ्य मध्यम है। व्यापार अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सेक्टर-29 स्थित विस टाउन हेलीपैड पर आगमन पर भारतीय जनता पार्टी शहरी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं सेक्टर-93 एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ठाकुर प्रवेश चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। *(चेतना मंच)*

# महिला दिवस पर हुआ सम्मान समारोह



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश समाज नोएडा, बी.एस. फाउंडेशन एवं श्री सनातन धर्म सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'होली मंगल मिलन एवं महिला दिवस' कार्यक्रम का भव्य आयोजन सेक्टर-19, में किया गया। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक विमला बाथम द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है।

होली के शुभ अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को रंगों के साथ शुभकामनाएं दीं और महिलाओं के प्रति सम्मान एवं जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा।

कार्यक्रम में न्यायाधीश राकेश तिवारी, जयशंकर श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता, प्रो. लल्लन प्रसाद, के.वी. पावा, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, वीरेश तिवारी, बबीता शर्मा, अतुल मित्तल, राजकुमार शर्मा, ममता तिवारी, नमिता बाली, कृष्णा गिरि, इंद्राणी मुखर्जी, सुधा रावत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रीराम मित्र मंडल ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन







**नोएडा( चेतना मंच )।** श्रीराम मित्र मंडल ने होली मिलन समारोह सेक्टर-9 में धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर पवन आर्ट ग्रुप द्वारा फूलों की होली खेली गई, साथ ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण पर आधारित सुंदर झांकियां रहीं, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह शामिल हुए। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का पटका ओढ़ाकर स्वागत किया।

मंच संचालन महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने किया, जबकि चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अंत में समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग, सह संरक्षक राजकुमार गर्ग, सह कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता, पवन गोयल, मुकेश अग्रवाल, एस.एम. गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मुकेश गोयल, गौरव महरोत्रा, तरुणराज अग्रवाल, आत्माराम अग्रवाल, संजय गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, मनोज शर्मा, सुशील गोयल, रवींद्र चौधरी, चक्रपाणि गोयल, संतोष त्रिपाठी, मनीष गोयल, किशनलाल, गौरव गोयल, मुकेश गर्ग सहित सैकड़ों शहरवासी समारोह में उपस्थित रहे।

# रजत विहार में धूमधाम से मनाया महिला दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-62 स्थित रजत विहार सी-ब्लॉक में महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष दीप्ति अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर सोसायटी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अंताक्षरी, फैशन शो, म्यूजिकल चेयर और अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



इस दौरान उपाध्यक्ष दीप्ति अग्रवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 8 मार्च का दिन पूरी तरह से महिलाओं को समर्पित है। यह दिन नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों को सलाम करने का अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने कहा, महिला दिवस हमें नारी के संघर्षों, समाज में उनके योगदान और उनकी चुनौतियों की याद दिलाता है। आज की नारी स्वावलंबी और स्वतंत्र है। भारतीय महिलाओं की सीमाएं अब आकाश की तरह अंतहीन हो गई हैं। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए सचिव ममता तिवारी, ऊषा शर्मा, ऋचा टिक्कू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 600 किलोमीटर बिजली लाइन होगी भूमिगत उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध आपूर्ति

**नोएडा (चेतना मंच)।** विद्युत निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 600 किलोमीटर लंबी विद्युत लाइन को भूमिगत और ओवरहेड करने जा रहा है। इसमें 320 किलोमीटर भूमिगत केबल लाइन होगी, जबकि 180 किलोमीटर ओवरहेड लाइन डाली जाएगी। इस परियोजना को मुख्यालय से स्वीकृति मिल चुकी है और करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से यह कार्य पूरा किया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, 33 हजार केवीए और 11 हजार केवीए की लाइन को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत किया जाएगा। इसमें 33 हजार केवीए की 167 किलोमीटर लाइन भूमिगत होगी और 96 किलोमीटर ओवरहेड लाइन डाली जाएगी। इस कार्य में करीब 105 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 11 हजार केवीए की 249 किलोमीटर लाइन भूमिगत की जाएगी, जबकि 85 किलोमीटर लाइन ओवरहेड रहेगी। इस कार्य की अनुमानित लागत 95 करोड़ रुपये होगी। एक बार भूमिगत केबल डालने के बाद बार-बार मरम्मत की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे रखरखाव की लागत कम होती है। ओवरहेड लाइनों की तुलना में भूमिगत केबल में फॉल्ट की संभावना



कम होती है और दुर्घटनाओं का खतरा लगभग न के बराबर होता है। भूमिगत केबल सिस्टम से विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर और निर्बाध होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

विद्युत निगम की सलाह पर नए विकसित हो रहे सेक्टरों में आंतरिक बिजली लाइनों को भी भूमिगत किया जा रहा है। इससे इन क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को खुले बिजली तारों से निजात मिलेगी और बेहतर आपूर्ति मिल सकेगी।

मुख्य अभियंता, विद्युत निगम हरीश बंसल ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही 33 हजार और 11 हजार केवीए की बिजली लाइनों को भूमिगत करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर ओवरहेड लाइनें भी लगाई जाएंगी ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, 100 लोगों की हुई जांच

**प्रयागराज (चेतना मंच)।** कॉर्डेट फूलपुर- समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रयागराज के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. आर. मिलन द्वारा करीब 100 लोगों के नेत्रों की जांच की गई। साथ ही, नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया।

शिविर के दौरान 10 मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हित किया गया, जिनका शीघ्र ही नेत्र शल्य चिकित्सा की जाएगी। इस अवसर पर कॉर्डेट के प्रधानाचार्य डॉ. हरिश्चंद्र ने कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, जो हमें यह सुंदर संसार देखने का सुख देती हैं। उन्होंने विशेष रूप से किसानों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि फसल कटाई और मड़ाई के दौरान आंखों को धूल व खरपतवार से बचाना आवश्यक है।




डॉ. आर. मिलन ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आंखों में कचरा पड़ जाने पर जबरदस्ती न रगड़ें, बल्कि साफ पानी से दिन में 3-4 बार आंखों को धोएं। उन्होंने बिना चिकित्सीय परामर्श के कोई भी दवा न लगाने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन आई.आर.डी.पी. प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने किया। इस आयोजन से ग्रामीणों को अपनी नेत्र सुरक्षा और देखभाल के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला अस्पताल में खुला पहला एआरएस सेंटर



**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मरीजों के लिए पहला एंटी रेबीज सीरम सेंटर शुरू हो गया।

अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू अग्रवाल ने फीता काटकर सेंटर का उद्घघाटन किया। उन्होंने सीरम की सुविधा शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी व्यक्त किया। सीएमएस ने बताया कि जिला अस्पताल के सेंटर पर शासन के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एंटी रेबीज सीरम की 100 शीशियां भेजी गई हैं।

सेंटर शुरू होने के बाद सबसे पहले हेल्थ सुपरवाइजर उषा चौधरी ने मरीज को सीरम इंजेक्शन लगाया। मरीज ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह ड्यूटी से घर आ रहे थे। तभी रास्ते में अचानक से पीछे से आए तीन-चार कुत्तों ने उनके ऊपर झपट कर बुरी तरह घांव कर दिया था। पास से अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली रेफर किया था। उधर, जिला अस्पताल में सेंटर पर मरीजों को सुबह से शाम तक सीरम लगवाने की सुविधा मिलेगी, जबकि इमरजेंसी में यह व्यवस्था 24 घंटे रहेगी।

# करंट लगने से किशोर की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर क्षेत्र के तिलपता गांव में रहने वाले किशोर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बिजली का तार टूटकर जमीन पर पड़ा था, जिसकी चपेट में किशोर आ गया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तिलपता गांव में 17 वर्षीय दीपांशु उर्फ बॉबी परिवार के साथ रहता था। वह शुक्रवार की रात रास्ते से निकल रहा था। इसी दौरान खंभे से बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। किशोर बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। किशोर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निर्माणाधीन सोसाइटी में सिर पर रॉड गिरने से बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की निर्माणाधीन सोसाइटी में खेल रहे 10 वर्षीय बच्चे के सिर पर लोहे की रॉड गिर गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल मासूम को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एपेक्स कोर्ट सोसाइटी में निर्माण कार्य चल रहा है। सोसाइटी में काम कर रहे मजदूर का 10 वर्षीय बच्चा आदित्य यहां खेल रहा था। इसी बीच बच्चे के सिर पर लोहे की रॉड गिर गई। हादसे में लहूलुहान हालत में बच्चे को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। सोसाइटी के कुछ हिस्से में रहने वाले लोगों ने इस घटना को लेकर विरोध जताया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि परिजनों की शिकायत पर ठेकेदार को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

## केरला व जबलपुर जीत के साथ सेमीफाइनल में

**इन्दौर ।** सेंट्रल जिमखाना क्लब की मेजबानी में आयोजित प्रकाश सोनकर व सुरेश ऐरन स्मृति अ.भा. मोयरा गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा अंतिम व रोमांचक दौर में पहुंच गई है। देश की नामी टीमों का प्रदर्शन देखने के लिए हजारों खेल प्रेमी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने आ रहे है। साई त्रिवेंद्रम केरला व लायन क्लब जबलपुर की टीम ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। स्पर्धा अध्यक्ष रमेश मूलचंदानी, स्पर्धा सचिव संजय लुणावत व स्पर्धा संयोजक भारत मथुरावाला ने बताया कि नेहरू स्टेडियम पर मोयरा सरिया, खेल विभाग व नगर पालिक निगम के सहयोग से खेली जा रही इस स्पर्धा में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल साई त्रिवेंद्रम केरला व सीवीएम आनंद क्लब गुजरात के मध्य खेला गया। मैच के 16वें मिनट में ही गुजरात के मोईनुद्दीन ने गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर नहीं रह सकी और 36वें मिनट में केरला के लिए वांगडेन ने बराबरी का गोल दाग दिया। मध्यांतर के बाद केरला की टीम पूरी तरह से हावी हो गई और लगातार गुजरात के गोल पोस्ट पर हमले किए।

## शमी के बचाव में उतरे काजमी और गौरा

सहारनपुर। देवबंद के इस्लामिक विद्वान और लेखक बदर काजमी ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एनर्जी ड्रिंक पीने को लेकर हो रही आलोचना को गलत बताया है। काजमी ने कहा कि जो लोग शमी की आलोचना कर रहे हैं उनका मकसद सस्ती लोकप्रियता हासिल करना है। साथ ही कहा कि शमी पर हर भारतीय मुसलमानों को गर्व है। वह चैंपियंस ट्राफी में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्होंने अपने शानदार खेल से दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों को प्रभावित किया है। वहीं इसेस पहले बरेली के मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया मुस्लिम जमात ने शमी की आलोचना करते हुए कहा था कि रमजान में रोजे ना रखना गुनाह है और शमी शरियत की नजर में अपराधी हैं।

## वेन मैडसेन फिर बने डबीर्शायर के कप्तान

**डबीर्शायर।** इंग्लिश काउंटी क्लब डबीर्शायर ने अनुभवी बल्लेबाज वेन मैडसेन को दोबारा अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह इस समर काउंटी चैम्पियनशिप में टीम की अगुवाई करेंगे।41 वर्षीय मैडसेन ने यह भूमिका सीजन की शुरूआत से ठीक एक महीने पहले स्वीकार की, डेविड लॉयड के कप्तानी छोड़ने के फैसले के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले, मैडसेन 2012 से 2016 तक डबीर्शायर के कप्तान रह चुके हैं और अपनी कप्तानी के पहले ही सीजन में टीम को डिविजन टू से प्रमोशन दिलाया था। डबीर्शायर के हेड कोच मिकी आर्थर ने मैडसेन को कप्तानी सौंपने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा,‘वेन हमेशा से बेहतरीन लीडर रहे हैं और वह ड्रेसिंग रूम में काफी लोकप्रिय भी हैं। मैं बेहद खुश हूं कि वह 2025 में हमारी टीम का नेतृत्व करेंगे।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला आज

एजेंसी

**दुबई ।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इसमें दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। भारतीय टीम ने इस बार सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल में जगह बनायी है। भारतीय टीम ने अब तक इस टूनार्मेंट में अपने सभी मुकाबले जीते हैं। वहीं न्यूजीलैंड को लीग स्तर पर भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आंकड़ों पर नजर डालें तो कीवी टीम का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे इसके पहले हुए तीन आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में जीत मिली है। दोनों टीमों का पिछले कुछ साल में आईसीसी




टूनार्मेंट में प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। न्यूजीलैंड की टीम में निरंतरता रही है। वहीं भारतीय टीम ने अपना दबदबा दिखते हुए साल 2011 से अब तक आईसीसी टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा मैच जीते हैं। भारतीय टीम इस एक दशक से अधिक समय में 86 में से 70 मुकाबले जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने 77 मैचों में 49 मुकाबले जीते हैं। इससे साफ है कि , मैच जीतने के मामले में भारतीय टीम अपनी विरोधी से कहीं आगे है पर जब बात ट्रॉफी जीतने की आती है, तो टीम इंडिया और न्यूजीलैंड दोनों के पास ही उम्मीद के अनुसार सफल नहीं रही हैं। साल 2011 से अब तक 14 आईसीसी प्रतियोगिताएं हो चुकी हैं, जिसमें भारत सिर्फ दो बार ही नॉकआउट स्टेज में नहीं पहुंच पाया है। भारत ने इस दौरान चार सेमीफाइनल खेले हैं और पांच बार टीम उपविजेता रही है। तीन बार भारत ने ट्रॉफी जीतने में सफलता हासिल की है। वहीं न्यूजीलैंड ने भी निरंतरता दिखाते हुए इस दौरान आठ बार नॉकआउट स्तर पर प्रवेश किया है। उसने चार सेमीफाइनल खेले हैं और तीन बार वह उपविजेता रही है। उसने साल 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को हराया भी है। दोनों टीमों के ये आंकड़े बेहतरीन हैं। इस अवधि में कोई अन्य टीम इतनी बार सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। साल 2011 से अब तक सबसे ज्यादा नॉकआउट खेलने वाली टीमों में भारतीय टीम अब तक 12 मैचों के साथ शीर्ष पर है। वहीं न्यूजीलैंड ने इस अवधि में 8 बार आईसीसी नॉकआउट मैच खेले और भारत के बाद वह इस मामले में दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि ट्रॉफी जीतने के मामले में पहले नंबर पर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस अवधि में सिर्फ 6 ही नॉकआउट मैच खेले हैं। एकदिवसीय प्रारुप की बात करें तो भारत ने साल 2011 से अब तक 38 ग्रुप स्टेज मैच खेले हैं, जिसमें वह केवल तीन बार ही हारी है और एक मैच टाई रहा है।

## रोहित को 25 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिये : गावस्कर

एजेंसी

**दुबई।** महान बल्लेबाज सुनील गावसकर चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। गावस्कर ने फाइनल से ठीक पहले कहा कि रोहित को अति आक्रामक रुख अपनाने की जगह तकरीबन 25 से 30 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिये। गावस्कर ने कहा कि अगर रोहित इस प्रकार खेलते हैं तो भारतीय टीम एक बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहेगी जिसका एक अलग प्रभाव पड़ेगा। गावस्कर ने कहा है कि रोहित को शुरूआ में तेजी से 25 से 30 रन बनाकर ही संतुष्ट नहीं होना चाहिये। इसकी जगह उन्हें करीब 25 ओवर तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। अगर वह ऐसा करते हैं तो टीम को लाभ होगा। गावस्कर ने कहा, अगर रोहित 25 ओवर भी बल्लेबाजी



करते हैं, तो भारतीय टीम करीब 200 रनों तक पहुंच जाएगी। ऐसे में 50 ओवरों के बाद टीम का स्कोर 350 या उससे अधिक पहुंच जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड की टीम 9 मार्च को आमने सामने होगी। गावस्कर ने साथ ही कहा, उसे भी इस पर थोड़ा विचार करने की जरूरत है। आक्रामक तरीके से खेलना एक बात है, लेकिन 25-30 ओवर तक बल्लेबाजी करने के लिए समझदारी से काम लेना होता है। अगर वह ऐसा करता है, तो वह खेल दूसरी टीम से काफी दूर ले जा सकते हैं।इस तरह का प्रभाव मैच जीतने वाला होता है।

# वॉट्सन के तेज शतक से ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स जीता

एजेंसी

**वडोदरा ।** शेन वॉटसन की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के एक मैच में में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को 137 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने वाटसन के 61 गेंदों में बनाये 122 रनों की सहायता से एक विकेट पर 260 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी मास्टर्स 123 रनों पर ही सिमट गयी। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से बेन लॉफलिन ने तीन विकेट लिए जबकि जेवियर डोहर्टी और ब्राइस मैकगेन ने दो-दो विकेट लिए। नाथन कूल्टर-नाइल और नाथन रियरडन को भी एक-एक विकेट





मिला। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने वडोदरा लेग का शानदार समापन किया। इस टूनार्मेंट में पहले दो मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉटसन ने आक्रामक बल्लेबाजी की। ये बल्लेबाजी ऐसी थी जैसी वह संन्यास से पहले राष्ट्रीय टीम की ओर से करते थे। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स की पारी की शुरूआत कैलम फर्ग्यूसन ने की। उन्होंने नाबाद 85 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए वॉटसन ने तेजी से रन बनाये। इन दोनों ने मात्र 15 ओवरों में 186 रन बनाए। इसके बाद वॉटसन ने बेन डंक के नाबाद 34 रनों के साथ मिलकर 74 रन बनाए और टीम को एक विकेट पर 260 रनों तक पहुंचाया। वॉटसन ने अपनी पारी में जमकर चौके, छक्के लगाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज हेनरी डेविड्स शुरूआत में ही पेवेलियन लौट गये। इसे बाद हाशिम अमला ने 19 गेंदों में सात चौकों की सहायता से 30 रन बनाए, जबकि रिचर्ड लेवी और अल्वीरो पीटरसन ने 22 और 28 रन बनाए।

# शास्त्री ने भारतीय टीम को किया सतर्क

एजेंसी

**दुबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रविवार को कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा। शास्त्री ने कहा कि अभी के समय में केवल न्यूजीलैंड ही एक ऐसी टीम है जो भारतीय टीम को हरा सकती है। शास्त्री ने ये बात ऐसे ही नहीं कही बल्कि इसके पीछे ठोस कारण भी हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले एक दशक में तीन बार कीवी टीम के खिलाफ नॉकआउट में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम हालांकि इस



बार जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसने इस टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीते हैं। वहीं लीग स्तर पर न्यूजीलैंड को हराया भी है। जिससे उसके हौंसले बुलंद माने जा रहे हैं। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है, तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत पसंदीदा के रूप में शुरू होता है पर केवल थोड़ा सा। वहीं शास्त्री ने फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच के लिए तीन ऑलराउंडरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और ग्लेन फिलिप्स को दावेदार माना है। शास्त्री ने भविष्यवाणी की कि अगर भारतीय टीमें खिताब जीतती हैं तो विराट कोहली वहीं अगर कीवी टीम जीती तो, केन विलियमसन और रचिन रवींद्र अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि विलियमसन और कोहली दोनों ही शानदार फॉर्म में हैं, दोनों ने अपने चार मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के बीच खेल का आयोजन



पंच संवाददाता

**साहेबगंज।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय,साहेबगंज के द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज एवं फूलों झानो इनडोर स्टेडियम में खेल बैंक के सहयोग से महिलाओं के बीच प्रदर्शनी कुश्ती, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल,तीरंदाजी एथलेटिक्स एवं स्वदेशी देशज खेलो का आयोजन किया गया। वहीं सिदो कान्हु स्टेडियम में आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक योगेश यादव, प्रकाश सिंह बादल, निमाई चौधरी, जिला खेल कार्यालय कर्मी गौतम झा, जिम ट्रेनर गौरव झा,खेल शिक्षक बिरेंद्र कुमार,खेल शिक्षिका प्रियंका कुमारी सरिता कुमारी, धर्म कुमार, रंजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## क्रिकेटर नीतीश राणा बनने वाले हैं पापा

**मुम्बई।** क्रिकेटर नीतीश राणा शीघ्र ही पापा बनने वाले हैं। नीतीश ने अपनी पत्नी साची मारवाह के साथ सोशल मीडिया पर ये जानकारी साझा की है। इस जोड़े ने कहा कि शादी के छह साल बाद उनके घर खुशियां आने वाली हैं क्योंकि वे जुड़वां बच्चों के माता-पिता बनने जा रहे हैं। नीतीश की पोस्ट में एक तस्वीर है जिसमें वह और साची एक साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा, स्टेडियम से लेकर साइड विजिट तक, हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट जल्द ही शुरू होने वाला है। टीम 3 में बदलने वाली है। इस पोस्ट के जरिए उन्होंने संकेत दिया कि उनका परिवार अब तीन से 5 सदस्यों का होने वाला है। गौरतलब है कि नीतीश और साची ने फरवरी 2019 में शादी की थी।

# इंग्लैंड के नए वनडे कप्तान बन सकते हैं बेन स्टोक्स

एजेंसी

**लंदन ।** जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कमान संभाल सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक रॉब की ने कहा हैं कि स्टोक्स के नाम पर विचार न करना बड़ी भूल होगी। टेस्ट क्रिकेट में अपनी रणनीतिक कुशलता साबित कर चुके स्टोक्स को अब वनडे टीम का नेतृत्व करने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। इस खराब प्रदर्शन के चलते बटलर ने टूनार्मेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। इससे पहले भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में भी इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था। बेन



स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे और 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट से दूर हैं। हालांकि, उन्होंने पहले भी संन्यास के अपने फैसले को पलटते हुए वनडे में वापसी की थी।

ईसीबी के निदेशक की ने स्टोक्स की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में खुद को शानदार रणनीतिकार साबित कर चुके हैं और टीम के खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन कराने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा, स्टोक्स ऐसा खिलाड़ी है जो दबाव के हालात में टीम की ढाल बनता है और अपने साथियों को आत्मविश्वास देता है। स्टोक्स इस समय अबूधाबी में इंग्लैंड लायंस अभ्यास समूह के साथ हैं और जून-अगस्त में भारत के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले फिट हो जाएंगे। की का मानना है कि स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की वनडे टीम में नई ऊर्जा आ सकती है, जैसा कि उन्होंने टेस्ट टीम के साथ किया। उनका इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ भी अच्छा तालमेल है, जिससे उनकी दावेदारी और मजबूत हो जाती है।

हालांकि, इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए कोचिंग स्टाफ पर भी सवाल उठ रहे हैं। मैकुलम की देखरेख में इंग्लैंड ने अब तक 11 में से 10 वनडे मैच गंवाए हैं, जबकि 2022 से अब तक इंग्लैंड ने 35 में से 32 टेस्ट मैच जीते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ईसीबी वनडे टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी स्टोक्स को सौंपता है या किसी और खिलाड़ी को यह मौका मिलता है।

# चोटिल ब्रायडन की जगह वियान मुल्डर सनराइजर्स में शामिल

एजेंसी

**मुंबई ।** चोट के कारण इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज वियान मुल्डर को अपनी टीम में शामिल किया है। मुल्डर 75 लाख रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। 27 वर्षीय मुल्डर ने अब तक 18 टेस्ट, 25 वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 60 विकेट लेने के अलावा 970 रन भी बनाए हैं। वे दक्षिण अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा थे, जो सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी। इस टूनार्मेंट में उन्होंने



तीन मैचों में 6 विकेट लिए थे, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 3 विकेट लेने का प्रदर्शन शामिल था। ब्रायडन कार्स को सनराइजर्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन भारत के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के दौरान उनके बाएं पैर की अंगुली में पुरानी चोट फिर से उभर आई। हालांकि, वह ठीक हो गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलते समय उनकी चोट और गंभीर हो गई। इस मैच में उन्होंने 7 ओवर में 69 रन लुटाए, जिसके बाद वह पूरे टूनार्मेंट से बाहर हो गए। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 की उपविजेता रही थी, जहां फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हार गई थी। टीम की कप्तानी पैट कमिंस कर रहे हैं, जो हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 3-1 से जीत के दौरान चोटिल हो गए थे। कमिंस आईपीएल 2025 के लिए पूरी तरह से फिट हैं और 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में केकेआर और आरसीबी के बीच होने वाले मुकाबले से लीग में वापसी करेंगे। सनराइजर्स ने वियान मुल्डर को शामिल कर अपनी गेंदबाजी को मजबूत किया है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में विराट दूसरे नंबर पर

एजेंसी

**दुबई ।** भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से खेलेगी। इस टूनार्मेंट में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होना तय है। न्यूजीलैंड के खिलाफ अब तक सचिन तेंदुलकर सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने ने एकदिवसीय में एक हजार से ज्यादा रन बनाये हैं। इनमें से केवल विराट कोहली ही वर्तमान में खेल रहे हैं। बाकि सभी पूर्व क्रिकेटर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे अधिक रनों की बात करें तो वह सचिन तेंदुलकर



ने बनाए हैं। उन्होंने 42 मैचों की 41 पारियों में 46 के औसत से 1750 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 186 रनों का रहा है। सचिन ने 5 शतक और 8 अर्धशतक लगाये हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर विराट हैं। विराट ने 32 मैचों में 1656 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 154 का रहा है। विराट ने 57 के औसत से रन बनाए हैं। इसमें 6 शतक और 9 अर्धशतक हैं।

तीसरे नंबर पर पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। सहवाग ने 23 मैचों की 23 पारियों में 52.59 के औसत से 1157 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 130 का रहा है। सहवाग ने 6 शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**सिमडेगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हॉकी की नर्सरी सह महिला खिलाड़ियों की नगरी सिमडेगा जिला में जिला खेलकूद विभाग एवं हॉकी सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में महिला हॉकी प्रतियोगिता सह महिलाओं के खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक सह खेल कीट वितरण कार्यक्रम कराया गया।

इस अवसर पर सिमडेगा ऑरेंज पाइपर एवं सिमडेगा यैलो ड्रेगन के महिला टीमों का आपस में मैत्री मैच का आयोजन किया गया जिसमें सिमडेगा ऑरेंज पाइपर की टीम 2=0 गोल से विजेता रही, विजेता टीम की ओर जमुना कुमारी ने दोनो गोल की, विजेता उपविजेता दोनों टीमों को आयोजन समिति की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। हॉकी इंडिया के द्वारा विभिन्न राज्य इकाई और हॉकी अकादमी को पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टिक वितरण किया गया था, जिनमे हॉकी झारखंड को मिले हिस्से से हॉकी सिमडेगा को 40 स्टिक मिला था, जिसे आज 20 महिला खिलाड़ियों के बीच वितरण किया गया ,पुरुष खिलाड़ियों को पिछले सप्ताह ही वितरण किया गया था।

इस मौके पर जिला खेल कूद विभाग के द्वारा महिला टीम गोलकीपर को गोलकीपर एवम सभी खिलाड़ियों को हॉकी गेंद वितरण किया गया।बेस्ट दे बोर्डिंग महिला कोच में सुभीला मिंज एवम बेस्ट महिला कार्यालय कर्मी के लिए राजमणि कुमारी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि अब जिला खेलकूद विभाग के



द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन प्रत्येक वर्ष सिमडेगा जिला में संचालित दे बोर्डिंग खेल प्रशिक्षण के किसी एक कोच को बेस्ट कोच और खेल विभाग द्वारा संचालित खेल सेंटरों या कार्यालयों में कार्यरत किसी एक महिला कर्मी को सम्मानित किया जाएगा।जिसके तहत 2025 में डे बोर्डिंग करंगागुडी की कोच सुभिला मिंज को बेस्ट कोच के लिए सम्मानित किया ,जिसके सेंटर से सबसे अधिक खिलाड़ी इस वर्ष आवासीय खेल सेंटरो के लिए चयनित हुए है। सिमडेगा की महिला खिलाडियों ने देश विदेश में जिला और राज्य का सम्मान बढ़ाया मुख्य अतिथि मरियम सोरेंग ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमडेगा। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीया मरियम सोरेंग ,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमडेगा एवम विशिष्ठ अतिथि के रूप के सिमडेगा जिला के ग्रामीण इलाको के विभिन्न डे बोर्डिंग खेल सेंटरो में कार्यरत महिला हॉकी प्रशिक्षक थे, ये सभी नारी शक्तियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया और पुरुस्कार वितरण किया।

हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि हॉकी सिमडेगा का प्रयास है कि खेल के माध्यम से सिमडेगा के महिलाओ को इतना सशक्त और स्वालंभी बना दे कि देश में सिमडेगा का नाम नारी शशक्ति नगरी के रूप में जाना जाने लगे और इस वर्ष 2025 का सबा दो माह सिमडेगा की महिलादियो खिलाड़ियों के नाम रहा इस वर्ष जनवरी में सिमडेगा की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरुस्कार मिला तो भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे के साथ संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग, और दीपिका सोरेंग भारतीय टीम में शानदार प्रदर्शन की, इन सवा दो माह जिला की 25 से अधिक महिला हॉकी खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है, फुटबॉल में जिला की पूर्णिमा कुमारी विदेश में खेल रही है, कुश्ती में सरस्वती कुमारी और अंशु लकड़ा अभी पंजाब में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व कर रही जबकि बहु खेलो की प्रतिभा रखने वाली जिला की खुशबू बड़ाइक लॉन बॉल,साइकिलिंग और एथलेकिट्स में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर रही खुशबू संभवत राज्य के अकेले खिलाड़ी है तीन तीन अलग अलग खेलो में भाग लेती है।

महिला दिवस पर आयोजित आज के कार्यक्रम को सारा कार्यक्रम महिला विंग हॉकी सिमडेगा की महिला सदस्यो,खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने निभाया , मंच संचालन कुनूल भेंगरा और रीना कुमारी ने ,स्वागत कार्यक्रम करिश्मा परवार ने, धन्यवाद ज्ञापन सिसिलिया तिर्की ने , अतिथियों का स्वागत तारिणी कुमारी ने ,तकनीकी टेबल अमृता मिंज ने निभाया साथ कार्यक्रम के दौरान महिला खिलाडियों ने स्वागत गान किया तथा महिला हॉकी खिलाड़ी नेहा कुमारी और सानिया तिर्की ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रस्तुत की।

इस मौके पर उपर्युक्त पदाधिकारियों के साथ हॉकी कोच बिमला सोरेंग, आशा बा, बसंती जोजो, मरियम सोरेंग, रेणुका सोरेंग, एंटोनिया, हॉकी सिमडेगा के पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश मांझी, रोहित बेसरा,मनसुख जोजो इत्यादि उपस्थित थे।

## खास खबर

### मलेशियाई पाम ऑयल को बढ़ावा देने एमपीओसी और ओटीएआई में करार

**मुंबई।** भारत और मलेशिया के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मलेशियाई पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) और ऑयल टेक्नोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ओटीएआई) ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। एमपीओसी और ओटीएआई ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि इस सहयोग के तहत भारतीय बाजार में मलेशियाई पाम ऑयल के पोषण संबंधी लाभों और स्वास्थ्य विशेषताओं को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत को मलेशियाई पाम ऑयल का अहम बाजार मानते हुए, इस साझेदारी का उद्देश्य पाम ऑयल से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना और इसके स्वास्थ्य एवं औद्योगिक उपयोगों को उजागर करना है। यह पहल उपभोक्ता जागरूकता, उद्योग संवाद और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देगी।

### एनबीएफसी पर आरबीआई की कार्रवाई, लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) पर कुल 76.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म्स द्वारा आरबीआई के निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के कारण की गई है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - पीयर-टू-पीयर लेंडिंग प्लेटफॉर्म (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2017 के उल्लंघन पर फेयरएसेट्स टेक्नोलॉजीज इंडिया पर 40 लाख रुपए, जबकि ब्रिज फिनटेक सॉल्यूशंस और रंग दे पी2पी फाइनेंशियल सर्विसेज पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने विजनरी फाइनेंसपीयर पर 16.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि यह जुर्माना नियामकीय अनुपालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है। आरबीआई ने अलग-अलग विज्ञप्तियों के माध्यम से इस जुर्माने की जानकारी दी।

### जीएमआर एयरपोर्ट्स ने डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड ने जर्मनी की फ्रापोर्ट से 10 प्रतिशत शेयरधारिता का अधिग्रहण पूरा करने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे का संचालन करने वाली कंपनी डायल में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 74 प्रतिशत कर ली है। पिछले सितंबर में जीएमआर समूह की कंपनी ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी 12.6 करोड़ डॉलर में खरीदने के लिए फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के साथ शेयर खरीद समझौते की घोषणा की थी। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि अपेक्षित अनुमोदन मिलने और पूर्व शर्तें पूरा करने के बाद कंपनी और फ्रापोर्ट के बीच शेयरों के हस्तांतरण और प्रतिफल के आदान-प्रदान की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जीएमआर एयरपोर्ट्स ने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद उसकी डायल में हिस्सेदारी 64 प्रतिशत से बढ़कर अब 74 प्रतिशत हो गई है। डायल में शेष 26 प्रतिशत हिस्सेदारी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पास है। डायल राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करती है जो कि देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है।

### अल्ट्रावायलेट का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर टेसरेक्ट लांच

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी अल्ट्रावायलेट का पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर टेसरेक्ट लॉन्च हो गया। हाई-परफॉर्मेंस और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ यह स्कूटर भारतीय बाजार में मौजूद इलेक्ट्रिक स्कूटर्स को कड़ी टक्कर देने वाला है। इस स्कूटर की शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत पहले 10,000 ग्राहकों के लिए 1.2 लाख रुपये रखी गई है। टेसरेक्ट का डिजाइन एविएशन से प्रेरित है और इसमें कॉम्बैट हेलीकॉप्टरों जैसा अग्रेसिव और शार्प लुक दिया गया है। इसका फ्रंट एप्रन, फ्लोटिंग डीआरएल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप और एंगुलर बॉडी इसे अलग पहचान देते हैं। यह स्कूटर तीन कलर ऑप्शंस - डेजर्ट, स्टेल्थ ब्लैक और सोनिक पिंक में उपलब्ध होगा।

## कैट ने किया एडीएसआई के साथ मिलकर राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन का आयोजन

# कैट व एडीएसआई मिलकर एक वर्ष में 5 लाख महिलाओं को बनाएंगे सशक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को कहा कि कारोबारी संगठन कैट अपने सलाहकार और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के मार्गदर्शन में देशभर में एडीएसईआई और अन्य व्यापार निकायों के साथ मिलकर अगले एक साल में पांच लाख महिला उद्यमियों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाएगा। खंडेलवाल ने कैट और एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एंटिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसआई) के सहयोग से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयाजित राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की। इस सम्मेलन में 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश

- राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन कैट और एडीएसआई का सरकार की महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है
- भारत में महिला व्यापारियों और उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है



ाधारण परिवारों से थीं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कैट और एडीएसआई द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन कैट और एडीएसआई का सरकार की महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो भारत में महिला व्यापारियों और उद्यमियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उन पुरुषों की भी सराहना की जो महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण, सामाजिक सम्मान और एक सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण के निर्माण में योगदान दे रहे हैं। कैट महासचिव खंडेलवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित इस सम्मेलन में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री की 10,000 से अधिक महिला उद्यमियों की उत्साही भागीदारी भारत में महिला नेतृत्व वाले आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए खंडेलवाल ने दोहराया कि प्रधानमंत्री मोदी का महिलाओं के नेतृत्व में विकास का दृष्टिकोण एक प्रगतिशील और समावेशी भारत की दिशा में अग्रसर है। उनके नेतृत्व में भारत ने लैंगिक समानता, आर्थिक सशक्तीकरण और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी है, जिससे महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने का अवसर मिल रहा है। एडीएसआई के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि हम राष्ट्रीय महिला उद्यमी सम्मेलन में महिला उद्यमियों की अद्भुत भावना और दृढ़ संकल्प का जश्न मना रहे हैं। कैट के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम भारत के उद्यमशीलता तंत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है।

### बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। बीते सप्ताह शेयर बाजार में तेजी तो कभी गिरावट पर कारोबार होता रहा। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को हरे निशान पर खुला। हालांकि, जल्द ही बाजार लाल निशान पर भी आ गया। बीते हफ्ते गिरावट के सुनामी में फंसे निवेशकों के लिए दिन की शुरूआत तो अच्छी हुई, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकी। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 429.31 अंक चढ़कर 73,627.41 अंक पर खुला और 112.16 अंक की गिरावट के साथ 73,085.94 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 130 अंक बढ़कर 22,254.70 अंक पर खुला और 5.40 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,119.30 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 347.07 अंक गिरकर 72,738.87 पर खुला और 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ।

## इंफोसिस का नया आदेश, करीब 10 दिन ऑफिस से काम करें कर्मचारी

एजेंसी

**मुंबई।** भारत की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने कहा है कि वह अपने अटेंडेंस सॉफ्टवेयर में कुछ बदलाव करेगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कर्मचारी महीने में करीब 10 दिन ऑफिस से काम करें। इंफोसिस ने कहा कि यह नई पॉलिसी 10 मार्च, 2025 से लागू होगी। इन नए बदलावों से हर महीने वर्क-फ्रॉम-होम के दिनों की संख्या पर एक सीमा लगेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लागू करने के लिए, 10 मार्च, 2025 से सिस्टम में कुछ बदलाव किए जाएंगे, जिससे हर महीने वर्क-



फ्रॉम-होम के दिनों की संख्या सीमित हो जाएगी। यह कदम नए हाइब्रिड वर्क नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है, जबकि कर्मचारियों को लचीलापन भी दिया जाएगा। कर्मचारियों में से जॉब लेवल 5 और उससे नीचे के कर्मचारियों पर इसका असर पड़ेगा। जेएल 5 कर्मचारी टीम लीडर होते हैं, जबकि इससे नीचे के रैंक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सीनियर इंजीनियर, सिस्टम इंजीनियर और कंसल्टेंट शामिल हैं। मैनेजर, सीनियर मैनेजर, डिलीवरी मैनेजर और सीनियर डिलीवरी मैनेजर जेएल 6 और उससे ऊपर के रैंक में आते हैं। हालांकि, वाइस प्रेसिडेंट्स इसमें शामिल नहीं हैं। इंफोसिस चाहता है कि कर्मचारी ऑफिस आकर काम करें ताकि टीम के साथ बेहतर तालमेल बने और कंपनी के वर्किंग कल्चर को मजबूत किया जा सके। साथ ही, यह कदम कर्मचारियों के बीच सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए भी है। हालांकि, कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कर्मचारियों को फ्लैक्सिबिलिटी मिले और वे कुछ दिन घर से भी काम कर सकें।

## नीता अंबानी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दिया फिटनेस मंत्र

एजेंसी

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नीता अंबानी ने एक वीडियो संदेश जारी कर महिलाओं से फिट रहने की अपील की है। उन्होंने महिलाओं से एक महत्वपूर्ण सवाल पूछा कि - आखिरी बार आपने



खुद के लिए क्या किया था? उन्होंने कहा कि हम महिलाएँ हमेशा दूसरों का ख्याल रखती हैं - कभी मां बनकर, कभी पत्नी, कभी बहू तो कभी बेटी बनकर। हमारी जरूरतें हमेशा किसी और के लिए होती हैं, और इसी भागदौड़ में हम खुद को भूल जाती हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जिंदगी की इस आपाधापी में धीरे-धीरे ही सही पर हमारा शरीर हमें संकेत देना शुरू करता है कि सबकुछ पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन हम उसे सुनने की फुर्सत ही नहीं निकाल पाते। और अगर हम महिलाएं अपना ध्यान नहीं रखेंगी, तो कौन रखेगा? 30 की उम्र के बाद महिलाएं की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ यह प्रक्रिया और तेज हो जाती है। इसलिए 50 और 60 की उम्र के बाद अपनी सेहत का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। व्यायाम को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बताते हुए नीता अंबानी ने कहा - मैं 61 साल की हूँ और हफ़्ते में 6 दिन व्यायाम करती हूँ। किसी दिन टाँगों की एक्सरसाइज, किसी दिन पीठ की, कभी योग, कभी तैराकी, तो कभी 30 मिनट नृत्य। जब मैं बाहर यात्रा पर होती हूँ, तो 5000-7000 कदम पैदल चलने की कोशिश करती हूँ।

## अमेजन इंडिया के होली स्टोर के साथ शुरू करें होली की खरीदारी

**रांची।** अमेजन इंडिया के होली स्टोर के साथ होली की खरीदारी की शुरूआत करें, जो उत्पादों के व्यापक चयन के साथ लाइव हो चुका है। उपभोक्ता पारंपरिक परिधान और अर्गेनिक गुलाल, गुझिया जैसी त्योहारी मिठाइयां, अत्याधुनिक इलेक्ट्रनिक्स और आधुनिक उपकरण, प्रीमियम स्किनकेयर उत्पा्द और सुरुचिपूर्ण घरेलू सजावट का सामान खरीद सकते हैं। त्योहार की तैयारियों के लिए बेजोड़ मूल्य सुनिश्चित करते हुए, सभी श्रेणियों में रोमांचक डील्स उपलब्ध कराई गई हैं। होली की खरीदारी के लिए आपके अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, अमेजन का एआई-संचालित शपिंग सहायक- रफस, आपको व्यक्तिगत अनुशंसाओं और त्वरित उत्तर के साथ त्योहार के लिए जरूरी वस्तुएं खोजने में मदद करेगा। बस आप रफस से बेहतर गुलाल, वाटर गन या पार्टी सजावट के बारे में पूछें और अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर सुझाव प्राप्त करें। रफस त्योहारी शपिंग को अधिक सहज और मजेदार बनाने के लिए अमेजन की निरंतर बनी रहने वाली प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

## लॉर्सन एंड टुब्रो चीफ देगी महिला कर्मचारियों को मेंस्टुअल लीव

एजेंसी

**मुंबई।** पिछले दिन लॉर्सन एंड टुब्रो चीफ एस एन सुब्रह्मण्यम ने सप्ताह में 90 दिन काम करने की बात कही थी। इस बीच अब उनका नया ऐलान सुर्खियां पा रहा है। देश की दिग्गज कंस्ट्रक्शन कंपनी लॉर्सन एंड टुब्रो ने वुमेंस डे पर अपनी महिला कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने मेंस्टुअल लीव देने का ऐलान किया। पॉलिसी को अपने इंडस्ट्री में लाने वाली एल एंड टी पहली कंपनी बनी है। कंपनी के फैसले से करीब 5000 महिला कर्मचारियों को इसका फायदा मिलेगा। बता दें, एल एंड टी के पास 60,000 महिला कर्मचारियों की टीम है। कंपनी ने साफ कर दिया है



कि इस मेंस्टुअल लीव का फायदा इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिलेगा। फाइनेंशियल और टेक्नोलॉजी सब्सिडियरी को पॉलिसी से बाहर रखा गया है। कंपनी के इन सेगमेंट में वर्क फ्रॉम होम जैसी सुविधाएं हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है यह मेंस्टुअल लीव मौजूदा पेड लीव का हिस्सा होगा या इससे उससे बाहर रखा जाएगा। दरअसल सुब्रह्मण्यम साल की शुरूआत में एक बयान दिया था जिससे वे विवादों में घिर गए थे। उन्होंने कहा था, आप घर पर बैठकर क्या करते हैं? आप कितना देर अपनी पत्नी को निहारते रह सकते हैं। उनके इस बयान खूब आलोचना हुई थी। ना सिर्फ सामान्य लोगों ने बल्कि दिग्गजों ने भी बयान की निंदा की थी।

## ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी सैमसंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हाल ही में साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग ने अपने गैलेक्सी अनपैकड इवेंट में बताया कि वह भी ट्रिपल फोल्डेबल स्मार्टफोन लाएगी। उसकी एक झलक कंपनी ने प्रेजेंटेशन में दिखाई थी। ताजा रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सैमसंग के ट्राई-फोल्डेबल स्मार्टफोन का प्रोडक्शन जल्द शुरू हो सकता है। इस फोन को गेलेक्क्सी झेड सीरीज में आने वाले फोल्डेबल फोन्स के साथ लाया जा सकता है। यह लॉन्च इस साल की तीसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के बीच होने की उम्मीद है। सैमसंग गेलेक्सी ट्री फोल्ड पर लेटेस्ट इन्फर्मेशन आई है। इस साउथ कोरियाई पब्लिकेशन ने बताया है कि कंपनी अप्रैल महीने से जरूरी पार्ट्स को जुटाना शुरू करेगी और उसके साथ ही गेलेक्क्सी झेड सीरीज के फोल्डेबल फोन्स का प्रोडक्शन शुरू कर दिया जाएगा। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कंपनी अपने ट्राई-फोल्ड फोन को जुलाई से सितंबर के बीच यानी तीसरी तिमाही में लॉन्च कर सकती है। उसी दौरान गेलेक्क्सी झेड फलीप को रिलीज किया जाएगा। एक सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि सैमसंग के ट्राई-फोल्डेबल फोन का नाम क्या होगा।

## मुझे स्वाभाविक सुंदरता का आशीर्वाद प्राप्त है : आरुषि निशंक



- प्राकृतिक सुंदरता के मामले में कृति सेनन से की गई अभिनेत्री की तुलना

**मुंबई।** तेरी गलियों से', 'वफा ना रास आई', 'जो तुम्हें झूठ लगे' जैसी सफल म्यूजिक वीडियोज के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री और निर्मात्री आरुषि निशंक ने प्लास्टिक सर्जरी से गुजरने के बारे में गलत खबरें फैलाने के लिए सोशल मीडिया ट्रोल्स पर पलटवार किया है। अपने ईमानदार और सीधे-सादे दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली आरुषि ने अफवाहों पर सबसे बर्बर तरीके से प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में सोशल मीडिया ट्रोल्स का एक वर्ग झूठा प्रचार कर रहा है कि आरुषि की प्लास्टिक सर्जरी हुई है, जबकि ऐसा किसी भी तरह से नहीं है। इन ट्रोल्स का जवाब देने के लिए पूछे जाने पर आरुषि ने जवाब देते हुए कहा, इन फेसलेस लोगों में कोई ईमानदारी और जीवन नहीं है। जब बिना किसी कारण के एक स्व-निर्मित महिला को शर्मिंदा करने की बात आती है तो वे थोड़ा भी संकोच नहीं करते हैं। यदि कोई अच्छी तरह से तैयार नहीं है, तो आप मनोरंजन उद्योग के पेशेवर के रूप में अच्छी तरह से काम नहीं करने के लिए उनकी आलोचना करते हैं, और दूसरी ओर, यदि कोई सब कुछ सही करता है-सौंदर्य से लेकर सौंदर्य फोटो शूट तक-तो आप उन पर प्राकृतिक सुंदरता न होने और उनके चेहरे पर चीजें करने का आरोप लगाते हैं। इसे रोकने की आवश्यकता है।

### टेक महिंद्रा ने अमेरिका में खोला नया हेडक्वार्टर

**नई दिल्ली।** टेक महिंद्रा ने अमेरिका के टेक्सास के प्लेनो में नए हेडक्वार्टर खोला है। इससे कंपनी को अमेरिका में उसके कारोबार को बढ़ाने में मदद करेगा। अमेरिका में टेक महिंद्रा का यह 19वां ऑफिस है। यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नॉर्थ टेक्सास में है। यह रीजन अपने बिजनेस इकोसिस्टम और डीप टैलेंट पूल के लिए जाना जाता है। 27,000 स्क्वायर फीट में फैली इस सुविधा में 130 सीटें हैं। इस ऑफिस के जरिए कंपनी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग, कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगी। टेक महिंद्रा के इस नए ऑफिस की एक प्रमुख विशेषता इनोवेशन लैब है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : आईफा ने सिनेमा में महिलाओं के योगदान को खास अंदाज में मनाया

एजेंसी

**जयपुर।** आईफा के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के तहत जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक खास इवेंट हुआ। 'द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा' नाम से हुआ जहां आईफा की वाइस प्रेसिडेंट नोरीन खान ने होस्ट किया। 39 साल की माधुरी दीक्षित ने अपने करियर के अनुभव साझा किए और कहा कि कैसे महिलाओं के किरदार समय के साथ मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब महिला किरदार सिर्फ सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे कहानी का केंद्र भी बन रही हैं। वहीं,



गुनीत मोंगा ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने संघर्ष, ऑस्कर जीतने के सफर और महिला नेतृत्व के महत्व पर चर्चा की। नोरीन खान ने कहा, आईफा के 25 साल पूरे होने पर, हम सिनेमा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द जर्नी ऑफ वुमन इन सिनेमा सिर्फ एक चर्चा नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। जब हम हिम्मत, रचनात्मकता और नेतृत्व की कहानियाँ साझा करते हैं, तो हम सिर्फ सफल महिलाओं का जश्न नहीं मनाते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करते हैं।

## नुवामा वेल्थ ने महिला दिवस मनाने के लिए महिला उद्यमी वी बाजार का आयोजन

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले, नुवामा वेल्थ ने अपने प्रमुख ब्लू बिंदी कार्यक्रम के तहत पहले वी बाजार का आयोजन कनकिया वॉल स्ट्रीट, मुंबई में किया। ब्लू बिंदी की शुरूआत पांच साल पहले महिलाओं के सशक्तिकरण और वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यह नुवामा की एक प्रमुख पहल है, जिसने ऑफलाइन और डिजिटल माध्यमों के जरिए देशभर में महिलाओं का एक मजबूत नेटवर्क बनाया है। संवादात्मक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया पर आकर्षक कंटेंट के माध्यम से यह अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं तक पहुँच चुका है। यह दिनभर चलने वाला आयोजन महिला उद्यमियों के लिए अद्भुत अवसर, मेंटरशिप और व्यवसायिक सहयोग लेकर आया। साथ ही, उन्हें अपने उद्यम, रचनात्मकता और नवाचार को 10,000 से अधिक उपस्थित लोगों के सामने प्रस्तुत करने का एक अनोखा मंच मिला। पहले वी बाजार में 100 से अधिक प्रविष्टियों में से चुनी गई 11 महिला उद्यमियों ने अपने व्यवसाय प्रस्तुत किए। इनमें हाथ से बनी ज्वेलरी, बेहतरीन कन्फेक्शनरी उत्पाद और अनूठे लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स जैसी विविध श्रेणियों के व्यवसाय शामिल थे। हर व्यवसाय में महिला उद्यमिता, नवाचार, कला और उनकी व्यक्तिगत यात्रा की झलक देखने को मिली। इस आयोजन की खास बात यह रही कि तीन व्यवसायों- हर्ष



चॉकलेट्स, द पैटिना कंपनी और न्यूट्रीकैसल को नुवामा द्वारा दीर्घकालिक सहयोग के लिए चुना गया। यह कंपनी की महिलाओं के उद्यमिता सपनों को साकार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्लू बिंदी के माध्यम से नुवामा अब तक 1,000 से अधिक महिलाओं को वित्तीय ज्ञान और जरूरी टूल्स देकर सशक्त बना चुका है, जिससे उन्हें वास्तविक अवसर और विकास के नए मार्ग मिले हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, नुवामा वेल्थ के प्रेसिडेंट और हेड राहुल जैन ने कहा, नुवामा में हम मानते हैं कि वित्तीय ज्ञान सशक्तिकरण की कुंजी है। वी बाजार महिलाओं के उद्यमी जज्बे का उत्सव है, जो उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर एवं स्थायी बनाने के लिए जरूरी संसाधन, सहयोग और मेंटरशिप प्रदान करता है। ब्लू बिंदी कार्यक्रम के जरिए हम महिलाओं को वित्तीय समझ और आत्मविश्वास से सशक्त बना रहे हैं, ताकि वे अपने आर्थिक भविष्य की कमान खुद संभाल सकें। नुवामा वेल्थ की मार्केटिंग की उपाध्यक्ष रितिका सचदेवा ने कहा, रमहिला उद्यमी - वी बाजार' पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक ऐसा मंच तैयार करना है, जहाँ वे अपने उत्पाद और सेवाएँ कार्यक्रम स्थल पर मौजूद बेहद अमीर दर्शकों के सामने प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने आगे कहा, ब्लू बिंदी कार्यक्रम में यह पहल हमारे लिए अपनी तरह की पहली पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाकर उन्हें सशक्त बनाना और उनके जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी मदद करना है।

### भारत शुल्क कटौती करने पर सहमत : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अपने शुल्क में पर्याप्तः कटौती करने के लिए सहमत हो गया है, क्योंकि भारत अमेरिका पर बहुत अधिक शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस से दिए बयान में कहा कि आर्थिक, वित्तीय और व्यापारिक दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने पूरी तरह से ठगा है उन्होंने कहा कि कनाडा, मेक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाइए। भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह लगभग प्रतिबंधात्मक है। हम अंदर बहुत कम व्यापार करते हैं। ट्रंप ने कहा, वैसे, वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि अब वे अपने शुल्क में कटौती करना चाहते हैं, क्योंकि अब कोई तो उनके किए की पोल खोल रहा है।



International Women's Day 2025:

# बॉलीवुड सेलेब्स ने नारी शक्ति को किया सलाम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है. ये दिन महिलाओं का सम्मान करता है, उनकी उपलब्धियों को पहचानता है. ये दिन लैंगिक समानता, प्रजनन अधिकार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है. इस खास मौके पर बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स भी देश भर की महिलाओं को इंटरनेशनल वुमन्स डे विश कर रहे है.

## सुष्मिता सेन ने भी दी महिला दिवस की बधाई

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक्ट्रेस और पूर्व ब्यूटी क्वीन सुष्मिता सेन ने एक दिल को छू लेने वाला नोट लिखा है. सुष्मिता ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह रेड कलर की साड़ी पहने हुए हैं. तस्वीर में अभिनेत्री का केवल एक सिल्हूट है, जिसे उन्होंने तस्वीर के लिए क्लिक किया है. इसके साथ ही उन्होंने लिखा है, "महिलाओं और उन लोगों के लिए जो एक होने के साथ सहानुभूति रखते हैं, इस सिस्टरहुड का हिस्सा बनना कितना सौभाग्य की बात है...आप सभी से कभी नहीं मिली और फिर भी यह जानना... आप मुझे समझते हैं जैसे मैं आपको समझती हूं' हमारी भावनाओं की गहराई, हमारी कमजोरियों में छिपी ताकत, सभी मुश्किलों के खिलाफ़ लचीलापन, जीवन को सहने की शक्ति...और आगे, दूसरे का पोषण करने का ऑप्शन चुनने को और कौन समझ सकता है. प्यार की कभी ना मिटने वाली भूख, माफ़ करने की असंभव क्षमता, हर किसी की खुशी का ख्याल करने की भावना, थकान, दिल का दर्द, निर्णय, समझ की कमी, सामाजिक दबाव, असमानताएँ, यहाँ तक कि हमारी हमेशा बदलती बायोलॉजी... हां ये सब रियल हैं...और फिर भी...भगवान जानता है, ये भी हमें आगे बढ़ाने के लिए ईंधन की तरह काम करता है!!! आह्ह महिलाएँ!" सुष्मिता ने आगे लिखा "मैं हम सभी को एक शानदार जीवन जीने का साहस, आर्थिक आजादी, बहुत सारी यात्राएँ, खुद के साथ खाने को एंजॉय करने का आत्मविश्वास, बना डरे 'नहीं' कहने के बेबाक लहजे की कामना करती हूं. मैं आप सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देती हूं. मैं आप लोगों से प्यार करती हूं!!! "



## संजय दत्त ने अपनी लाइफ में शामिल महिलाओं को दी महिला दिवस की बधाई



## कंगना ने खास अंदाज में दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई

क्वीन एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, "इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, मैं हर महिला से कहना चाहती हूं. किसी को भी यह मत कहने दो कि तुम्हें पुरुषों के जूते में फिट होना है या अन्य महिलाओं के साथ कंप्टीशन करना है, नहीं. तुम्हें हर किसी की तरह बनने की ज़रूरत नहीं है. तुम्हारे भीतर एक शक्ति है जिसे खोजा और उजागर किया जाना है. बस उस पर ध्यान दो, दयालु बनो, जिज्ञासु बनो, खुद के बारे में और एक महिला के रूप में अधिक बनो." कंगना ने आगे लिखा, "याद रखें कि इस दुनिया में हर कोई एक महिला की लव और ग्रेस पाना चाहता है और एक बच्चे के रूप में, आपको बस अपनी मां की ज़रूरत थी. वह स्रोस बनें, ज़्यादा रेडिएंट करें, ज़्यादा प्यार करें, ज़्यादा दें, और बस एक महिला की तरह बनें. आप एक देवी हैं, हर किसी को आपकी ज़रूरत है, और आप पर्याप्त से ज़्यादा हैं; आप सब कुछ हैं."

# करीना ने शाहिद कपूर को लगाया गले

यूजर्स बोले-साल का सबसे खूबसूरत पल





शाहिद कपूर और करीना कपूर खान का एक वीडियो सामने आया है जिसे देखने के बाद दोनों के फैंस इमोशनल हो गए हैं। दोनों जयपुर में हो रहे IIFA इवेंट में शामिल हुए थे। इस मौके पर कार्तिक आर्यन, करण जौहर, कृति सेनन, माधुरी दीक्षित और करण जौहर स्टेज पर थे। इस दौरान करीना स्टेज पर आई और उन्होंने सभी को ग्रीट किया। एक्ट्रेस ने शाहिद कपूर गले लगाया और दोनों के बीच कुछ देर तक बातें हुई। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फैंस दोनों की इस मुलाकात को इस साल का सबसे खूबसूरत पल बता रहे हैं।

शाहिद कपूर और करीना की इस खूबसूरत मुलाकात के बाद सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'गीत और आदित्य की मुलाकात ऐसी ही होनी थी', एक और यूजर ने लिखा, 'हे भगवान ये क्या हो गया', एक और यूजर ने लिखा, 'आखिरकार अब दोनों समझदारों की तरह बर्ताव कर रहे हैं', एक और यूजर ने लिखा, 'शाहिद के चेहरे पर दर्द देखा जा सकता है।' एक यूजर ने लिखा, 'करीना की ओवर एक्टिंग ही खत्म नहीं हो रहा है', एक यूजर ने लिखा, 'दोनों को देखकर इमोशनल हो गई।'

# साउथ के सुपरस्टार विजय ने रखा रोजा!



साउथ के सुपरस्टार एक्टर थलापति विजय ने हाल ही में एक ग्रांड इफ्तार पार्टी आयोजित करवाई जिसमें वह टोपी पहने और नमाज पढ़ते नजर आए। विजय ने शुक्रवार को चेन्नई में रमजान महीने के दौरान यह पार्टी आयोजित की, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका वीडियो सामने आने के बाद लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।



दरअसल इसी महीने होली भी है और ईद भी आने वाली है। तमिलगा वेत्री कजगम के फाउंडर और चीफ पूरी तरह सफेद आउटफिट में नजर आए और सफेद टोपी लगाकर उन्होंने मुस्लिम भाइयों के साथ इफ्तारी की। जानकारी के मुताबिक विजय ने पूरे दिन रोजा रखा और इस्लामिक परंपराओं का पालन करते हुए इफ्तारी से पहले नमाज भी पढ़ी। साउथ के सुपरस्टार एक्टर ने रमजान महीने में ग्रांड इफ्तार पार्टी रखी थी जो चर्चा में रही। मास्टर, थेरी, विजय और लियो जैसी फिल्मों के जरिए सुर्खियां बटोर चुके विजय धीरे-धीरे राजनैतिक फ्रंट पर एक्टिव होते जा रहे हैं और उनकी पार्टी की इस इफ्तारी में 15 से ज्यादा लोकल मस्जिदों के इमामों ने शिरकत की। इन सभी इमामों को पार्टी से पहले नमाज को लीड करने के लिए बुलाया गया था।तकरीबन 3000 लोगों की इफ्तारी की व्यवस्था इस पार्टी में की गई थी। विजय अपनी अपकमिंग फिल्म 'जन नयगन' के बाद सिनेमा जगत को अलविदा कहने जा रहे हैं।

# जोशीले अंदाज में नजर आये डेब्यूट आयुष कुमार



निर्माता निर्देशक सुनील दर्शन और संगीतकार नदीम की सफल जोड़ी की जबर्दस्त वापसी वाली फिल्म अंदाज़ 2 से साल का सबसे बड़ा लव एंथम इश्क जुनूनी है रिलीज़ हो गया है। इस फिल्म से एक्टर आयुष कुमार डेब्यू कर रहे हैं एनर्जी से भरा एक धमाकेदार डांस ट्रैक है, जिस पर युवा दिल वाले पूरे जोश के साथ झूम सकते हैं और आप को थिरकने पर यह गाना मजबूर कर सकता है। इस का फिल्मांकन भव्य अंदाज़ में किया गया है। एनर्जी, डांस, जोश, मस्ती से भरपूर इस गीत में आयुष कुमार बड़े कॉन्फिडेंट नज़र आ रहे हैं। सॉन्ग के लिरिक्स कैंची भी हैं और इश्क को जुनूनी सिद्ध करने वाले भी हैं। अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और लत्ता दत्ता स्टारर अंदाज के सीक्वल अंदाज 2 से आयुष कुमार बॉलीवुड फिल्मो में डेब्यू कर रहे हैं। गुड़गांव हरियाणा के मध्यम परिवार से ताल्लुक रखने वाले आयुष कुमार के लिए सुनील दर्शन की फिल्म अंदाज़ 2 एक बड़ा बॉलीवुड ब्रेक मानते हैं। फिल्मो से पहले वह चंडीगढ़ और मुंबई में थ्रिएटर से जुड़े रहे हैं। अंदाज 2 के टीजर और सांग में उनकी एक्सप्रेशन और डांस मूव्स की चर्चा अभी से हो रही हैं फिल्म अंदाज़ बहुत बड़ी म्यूजिकल फ़िल्म थी तो अंदाज़ 2 भी इस साल की सबसे बड़ी म्यूजिकल होने वाली है। इसमे 8 बड़े ही खूबसूरत गाने हैं जिन्हें बॉलीवुड के तमाम बड़े सिंगर्स ने आवाज़ दी है। निर्देशक सुनील दर्शन की आईकॉनिक फिल्म अंदाज के सीक्वल अंदाज 2 के इस गीत को नीरज श्रीधर ने अपनी अलग आवाज़ से बुलन्दी पर पहुंचा दिया है। राजू खान की कोरियोग्राफी भी नया स्टाईलभी देख सकतेहै। बॉलीवुड गीतकार जोड़ी नदीम-श्रवण के नदीम ने इसको संगीत से सजाया है। फिल्म के पहले मेलोडियस रोमांटिक सॉन्ग 'तेरे बिन कहीं दिल ना लगे' और दूसरे गीत यू आर ब्यूटीफुल की लोकप्रियता के बाद अब इश्क जुनूनी है श्रोताओं और दर्शकों के बीच पॉपुलर हो रहा है। गाना वास्तव में बहुत प्यारा है।

## मानुषी छिल्लर ने वीर पहाड़िया संग डेटिंग की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



पृथ्वीराज एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर अपनी खूबसूरती के चलते फैंस के दिलों पर राज करती हैं। मानुषी वैसे ते अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ज्यादा बात नहीं करती हैं, लेकिन इन दिनों वो अफेयर की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से मानुषी का नाम वीर पहाड़िया संग जुड़ रहा है। उनके अफेयर को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही

मानुषी ने कहा, 'मेरी पर्सनल लाइफ के बारे में लिखी गई बहुत सारी बातें पूरी तरह से झूठी हैं। लोगों को इस बात में एक खास दिलचस्पी होती है कि आपकी निजी जिंदगी में क्या चल रहा है। मेरे कई दोस्त हैं और मुझे लगता है कि अगर मैं अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बहुत ज्यादा घूमती हूं, तो क्या ऐसा लगता है कि मुझे लड़कों में कोई दिलचस्पी नहीं है या अगर मैं अपने किसी पुरुष मित्र के साथ घूमती हूं, तो क्या लोग सोचेंगे कि हम डेटिंग कर रहे हैं? लेकिन अब मुझे लगता है कि मैं उस मुकाम पर पहुंच गई हूं जहां मैं ठीक हूं। यही मेरी जिंदगी है।'इस इंटरव्यू में जब मानुषी से वीर पहाड़िया संग डेटिंग की अफवाहों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हे भगवान, बेचारा वीर। ऐसा नहीं हो सकता। नहीं (हम डेटिंग नहीं कर रहे हैं), बिल्कुल नहीं। वह एक अच्छा दोस्त है। वह इतना प्यारा था कि उसने मुझे एक शादी के दौरान कंपनी दी, जहां मैं किसी को नहीं जानती थी। बस इतना ही। लड़के के साथ मेरी यही एकमात्र बातचीत है।' आपको बता दें कि मानुषी छिल्लर ने साल 2022 में ऐतिहासिक ड्रामा सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड डेब्यू किया था।


# कहां है आमिर खान का ये 'तारा'?

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' साल 2007 में रिलीज हुई थी. जिसकी कहानी ने दर्शकों का खूब दिल जीता था. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट रही थी. लेकिन आज हम फिल्म की नहीं बल्कि इसमें एक्टर के साथ नजर आने वाले छोटे से बच्चे की बात कर रहे हैं.जो दर्शील सफारी है. चलिए जानते हैं आज वो कहां हैं और क्या कर रहे हैं...



ये तो सभी जानते हैं कि दर्शील सफारी ने साल 2007 में फिल्म 'तारे जमीन पर' से अपना फिल्मी सफर शुरू किया था। इस वक्त दर्शील सिर्फ 9 साल के थे। लेकिन अब एक्टर कल यानि 9 मार्च को अपना 28 वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले हैं।

ये तो सभी जानते हैं कि दर्शील सफारी ने साल 2007 में फिल्म 'तारे जमीन पर' से अपना फिल्मी सफर शुरू किया था। इस वक्त दर्शील सिर्फ 9 साल के थे। लेकिन अब एक्टर कल यानि 9 मार्च को अपना 28 वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले हैं।



'तारे जमीन पर' में दर्शील सफारी ने डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे ईशान अवस्थी का रोल निभाया था। जो आज भी दर्शकों को खासा पसंद है। खास बात ये है कि 100 ऑडीशन लेने के बाद दर्शील को इस रोल के लिए चुना गया था। 'तारे जमीन पर' में दर्शील सफारी ने डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे ईशान अवस्थी का रोल निभाया था। जो आज भी दर्शकों को खासा पसंद है। खास बात ये है कि 100 ऑडीशन लेने के बाद दर्शील को इस रोल के लिए चुना गया था। हालांकि 'तारे जमीन पर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद दर्शील के करियर को कुछ खास उड़ान नहीं मिली। काफी वक्त तो वो बड़े पर्दे से दूरे रहे। इसके बाद वो कुछ फिल्मों में नजर तो आए, लेकिन ज्यादा फेम हासिल नहीं कर पाए। हालांकि 'तारे जमीन पर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद दर्शील के करियर को कुछ खास उड़ान नहीं मिली। काफी वक्त तो वो बड़े पर्दे से दूरे रहे। इसके बाद वो कुछ फिल्मों में नजर तो आए, लेकिन ज्यादा फेम हासिल नहीं कर पाए। बता दें कि दर्शील ने फिल्मों के अलावा 'झलक दिखला जा', 'कॉमिडी नाइट्स बचाओ' और 'बटरफ्लाइज' जैसे टीवी शोज में भी काम किया है। बता दें कि दर्शील ने फिल्मों के अलावा 'झलक दिखला जा', 'कॉमिडी नाइट्स बचाओ' और 'बटरफ्लाइज' जैसे टीवी शोज में भी काम किया है। इसके बाद साल 2017 में दर्शील ने फिल्म Quickie के जरिए बतौरा हीरो बड़े पर्दे पर कदम रखा लेकिन ये उनकी ये फिल्म फ्लप़ रही। इन दिनों दर्शील सफारी फिल्मों के अलावा थिएटर पर भी फोकस कर रहे हैं।

# 'किंग' की शूटिंग के दौरान जख्मी हुए शाहरुख?

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान अभी अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की शूटिंग में बिजी हैं। बॉलीवुड के बादशाह की हाई ऑक्टेन एक्शन मूवी में शाहरुख खान के अलावा उनकी बेटी सुहाना खान भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी। अनाउंसमेंट के वक्त से ही फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है और अब खबर है की मूवी की शूटिंग के दौरान शाहरुख खान चोटिल हो गए हैं।



दरअसल शाहरुख खान हाल ही में जयपुर एयरपोर्ट पर नजर आए जहां उनके फैंस काफी वक्त से उनका इंतजार कर रहे थे। एक इवेंट के सिलसिले में राजस्थान पहुंचे शाहरुख खान के फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। पापाराजी और फैंस की भीड़ के बीच से निकलते शाहरुख खान के कंधे पर एक ब्लैट टेप साफ नजर आ रहा था। किंग खान के कुर्ते के अंदर से झांकता यह टेप लोगों की जिज्ञासा बढ़ा रहा था। शाहरुख खान की तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर आईं तो लोगों ने यह कयास लगाने शुरू कर दिए कि शायद किंग खान फिल्म की शूटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए हैं। हालांकि उन्होंने यह बैन्डेज किसी और वजह से तो नहीं लगाया था यह अभी साफ नहीं है, लेकिन अभी तक इसकी वजह शूटिंग के दौरान इंजरी ही मानी जा रही है। अपनी फिल्मों के स्टंट करने के दौरान शाहरुख खान को पहले भी कई बार चोटें लग चुकी हैं। मांसपेशियों में खिंचाव या फिर किसी और तरह की इंजरी में इस तरह के टेप का इस्तेमाल डॉक्टर्स करते हैं। फिल्म 'किंग' का एक्शन सीक्वेंस शूट करना शाहरुख ने बीते दिनों ही शुरू किया है और अब इसी दौरान उनके कंधे पर यह टेप नजर आना इसी और इशारा कर रहा है कि शाहरुख को यह चोट शूटिंग के दौरान लगी है।

# गाड़ी ठोककर भाग गया स्विगी का डिलीवरी बॉय

## सोफी चौधरी ने X पोस्ट में बताई पूरी घटना

एक फूड डिलीवरी कंपनी का राइडर जब सोफी चौधरी की गाड़ी को टक्कर मारकर वहां से भाग गया, तो एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा निकाला। सोफी ने अपने X हैंडल पर लिखा, हे स्विगी खार वेस्ट वाली सड़क पर जब मैं रास्ते में थी तो दोपहर 1.15 बजे तुम्हारे एक राइडर ने मेरी कार को बुरी तरह टक्कर मारी और भाग गया। यह पूरी तरह उसकी गलती थी और यह बहुत घटिया बात है कि वह भाग गया। मैं एक रेग्युलर स्विगी कस्टमर हूं लेकिन क्या तुम्हारे लोग सड़क पर यह सब करते हैं? 'प्यार के साइड इफैक्ट्स', 'स्पीड', 'लव सेक्स और धोखा', 'आ देखें जरा' और 'डैडी कूल' जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं सोफी चौधरी की पोस्ट पर कुछ ही देर में फूड डिलीवरी कंपनी का जवाब आया और उन्होंने अफसोस जताते हुए लिखा कि सुरक्षा और जवाबदारी हमारी प्राथमिकता है। कृपया पर्सनल मैसेज बॉक्स में आकर हमसे इस मुद्दे पर बात करें। एक्ट्रेस की पोस्ट पर कई सारे फैंस ने भी रिप्लाई किया और बताया कि कैसे अक्सर स्विगी के डिलीवरी पार्टनर इस तरह की हरकत करते हैं और भाग जाते हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, उन्हें इस सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता सोफी। मैं भी यह सब झेल चुका हूं। क्या तुम्हारे पास बाइकर की फोटो या किसी और तरह का सबूत है? वर्क फ्रंट की बात करें तो सोफी पिछली बार 'लव सेक्स और धोखा 2' में काम करती नजर आई थीं।



# होली सेलिब्रेशन के लिए व्हाइट फ्रॉक कुर्ती है बेस्ट ऑप्शन





होली के पहले ऑफिस में भी होली सेलिब्रेट की जाती हैं और इस सेलिब्रेशन के मौके पर महिलाएं बेस्ट आउटफिट वियर करती हैं। वहीं अगर आप भी ऑफिस की होली पार्टी में शामिल हो रही हैं और स्टाइलिश लुक चाहती है तो आप इस खास मौके पर ये फ्रॉक कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। हम आपको कुछ व्हाइट फ्रॉक कुर्ती दिखा रहे हैं साथ ही, इन्हें कैसे स्टाइल करें इस बात की जानकारी देंगे। इस तरह से व्हाइट फ्रॉक कुर्ती स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### योक डिजाइन फ्रॉक सूट

ऑफिस की होली पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की योक डिजाइन फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट राउंड नेक और फुल स्लीव्स में है साथ ही, इसके साथ जो दुप्पटा है वो बंधनी प्रिंट में है और इस आउटफिट में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। इस आउटफिट के साथ आप सिंपल नेकलेस साथ ही फुटवियर में जूती वियर कर सकती हैं। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह के बंधानी प्रिंट फ्रॉक सूट भी स्टाइल कर सकती है। यह सूट बांधनी वर्क के साथ आता है जो इस सूट के बॉर्डर पर किया हुआ है। साथ ही, ये 3/4 स्लीवेस में आता है। इसी के साथ इसके साथ जो दुप्पटा है वो भी बंधनी प्रिंट में है और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस आउटफिट के साथ आप चूड़ी साथ ही, झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट

अगर कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह का सूट स्टाइल कर सकती हैं और इस सूट में एम्ब्रॉयडरी की गई हैं जो आपके लुक को रॉयल बनाने में मदद करेगा।



अच्छी नींद अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। रात में अच्छी नींद लेने से आपका मूड और ऊर्जा बेहतर होती है,लेकिन जब आपको पर्याप्त नींद नहीं मिल रही हो तो चीजें बहुत तेजी से बिगड़ जाती हैं,जिसमें आपका मेटाबॉलिज्म स्वास्थ्य भी शामिल होता है। आपका शरीर ऊर्जा का उपयोग और भंडारण कैसे करता है, इसमें नींद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो लोग लगातार कम नींद लेते हैं, उनमें वजन बढ़ना, मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

# अच्छी नींद लेने के लाभ

### ब्लड शुगर को बढ़ सकता है:

जब नींद से समझौता किया जाता है, तो यह आपकी कोशिकाओं को इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील बनाता है। इंसुलिन वह हार्मोन है जो ब्लड शुगर (ग्लूकोज) को रक्तप्रवाह से बाहर ऊर्जा के लिए कोशिकाओं में या बाद में संग्रहीत होने के लिए लीवर में ले जाने में मदद करता है। डायबिटीज के एक अध्ययन में पाया गया कि 2,000 से अधिक स्वस्थ वयस्कों में प्रीडायबिटीज की संभावना उन लोगों में दोगुनी हो गई, जो रात में लगभग सात घंटे सोने वालों की तुलना में पांच या उससे कम घंटे सोते थे। दस लाख से अधिक व्यक्तियों का डेटा एकत्र किया गया, जिसमें पाया गया कि पांच या उससे कम घंटे सोने वालों में मधुमेह विकसित होने की संभावना 48% अधिक थी।

### सोने-जागने का एक समय बनाएं

लगभग एक ही समय पर जागना और बिस्तर पर जाना सबसे अच्छी चीजों में से एक है,जो आप अपनी नींद और सर्केडियन रिदम के लिए कर सकते हैं। अनियमित नींद का पैटर्न आपके कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है और पाचन को खराब कर सकता है।

### आहार में अधिक फाइबर शामिल करें

आप जो खाते हैं उसका असर आपकी नींद पर भी पड़ता है। कम फाइबर और उच्च सैट्युरेटिड फैट और चीनी वाला आहार कम आरामदायक नींद का कारण बनता है, जबकि अधिक फाइबर खाने से गहरी, अधिक आराम देने वाली नींद आती है। एक संभावित कारण यह है कि फाइबर हमारी तृप्ति, भूख नियमन और ब्लड शुगर के स्तर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अपने शरीर को एक्टिव रखें

नियमित शारीरिक एक्टिविटी आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। केवल 30 मिनट की एक्टिविटी से व्यायाम न करने वालों की तुलना में ज्यादा सही है। नियमित व्यायाम करने से आपके शरीर को ऊर्जा का अधिक कुशलता से उपयोग करने, मांसपेशियों का निर्माण करने में मदद मिलती है।





# आ गया नींबू पानी बनाने का टाइम

बहुत जल्द गर्मी अपना कहर बरपाएगी, ऐसे में सिर्फ एक ही चीज़ हमें राहत दिला सकती है और वह है नींबू पानी, क्योंकि इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाई जाती है। बड़ा गिलास नींबू पानी पीने के बाद ही मानो शरीर में एनर्जी आती है। हालांकि बहुत से लोग इसे बनाने का सही तरीका नहीं जानते है, जिसकी वजह से उनके शरबत में फीकापन रह जाता है। वहीं, भारत के कुछ हिस्सों में नींबू को 'लिम्बू' के नाम से भी जाना जाता है। आइये जानते हैं नींबू पानी बनाने का परफेक्ट तरीका और कुछ टिप्स और इसके स्वास्थ्य लाभ।

### नींबू पानी के स्वास्थ्य लाभ

गर्मी के दिनों में लू से लड़ने में मदद करता है नींबू पानी। नींबू पानी शरीर को पुनः हाइड्रेट करने में मदद करता है। वर्कआउट या किसी फिजिकल एक्टिविटी के बाद शरीर में नमक को बहाल करता है। यह विटामिन सी का अच्छा स्रोत है। नींबू पानी बनाने के लिए इंग्रीडिएंट्स, नींबू, चीनी, पानी, काला नमक है।

### नींबू पानी कैसे बनाएं?

बड़े कटोरे या बड़े मापने वाले कप के ऊपर एक छलनी रखें। नींबू का रस छलनी के ऊपर से निकालना शुरू करें,ताकि इसमें सारे बीज और गूदा समा जाएं। बीज और गूदा निकाल दें। नींबू के रस पाने में चीनी डालें। अब इसमें काला नमक डालें। अंत में पानी डालकर मिक्स करें। तब तक हिलाएं जब तक चीनी पानी में पूरी तरह घुल न जाए। सर्विंग गिलास में डालें और परोसें।

### परफेक्ट नींबू पानी बनाने के लिए टिप्स

चीनी के टाइप के आधार पर, नींबू पानी का रंग अलग हो सकता है। तुरंत ठंडा नींबू पानी पीने के लिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ताजा नींबू का रस सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन अगर मौजूदा वक्त में नींबू नहीं है, तो स्टोर से खरीदा हुआ बोतलबंद नींबू का रस भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, आर्टिफिशियल रस से इसके स्वाद में अंतर आ सकता है।

# ब्लैक शर्ट को कैसे स्टाइल करें?





### रिप्ड जींस के साथ ब्लैक शर्ट

आज के समय में हर कोई 'कूल डूड' दिखना चाहता है। ऐसे में ब्लैक शर्ट के साथ रिप्ड जींस आपको एक साथ टफनेस और कूलनेस देगी! फेडेड, डिस्ट्रेस्ड जींस और स्लिम-फिट ब्लैक शर्ट आपको जनरेशन-जेड का फील देगी। व्हाइट स्नीकर्स आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। हालांकि यह कॉम्बिनेशन किसी फॉर्मल फंक्शन में कैरी नहीं कर सकते हैं। अच्छे दिखने वाले सफेद स्नीकर्स ऐड करें और चीजों को बेहतर बनाने और कम्पलीट स्टाइल मूड में बाहर निकलने के लिए अपने आउटफिट को कॉम्पलीमेंट करें।

### ब्लू जींस के साथ काली शर्ट

जब भी आप इस सिचुएशन में फंसे कि आज क्या पहना जाए, तब ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस आपके लिए सेविअर का काम कर सकती है। यह आउटफिट जितना क्लासिक है उतना ही फ्रेश भी। इससे आप सिंपल भी नजर आते हैं और कॉन्फिडेंट भी। अगर आप एक्सरसाइज करने के शौकीन हैं और अच्छे खासे बाइशेप्स बना रखे हैं, तो हाफ स्लीव ब्लैक शर्ट और टाइट फिटिंग वाली ब्लू जींस के साथ आप किसी का भी ध्यान अपनी तरफ खींच सकते हैं।

### ग्रे ट्राउजर के साथ काली शर्ट

ग्रे पैंट के साथ ब्लैक शर्ट एक आकर्षक कॉन्ट्रास्ट लुक देता है। यह आउटफिट आपको स्लिम दिखने में भी मदद कर सकता है। खास बात ये है कि इसे किसी भी कैजुअल फंक्शन के साथ आप अपने ऑफिस में बेझिझक कैरी कर सकते हैं।

### ब्राउन पैंट के साथ काली शर्ट

यह कॉम्बिनेशन बेस्ट ब्लैक शर्ट के फॉर्मल आउटफिट्स में से एक माना जा सकता है, लेकिन आप इसे किसी पार्टी में भी पहनना चाहते हैं, तो एक टेक्सचर्ड ब्लैक शर्ट के साथ प्लेन सॉलिड ब्राउन पैंट कैरी करें जो आपकी शर्ट से एक शेड हल्का हो। यकीन मानिए इस आउटफिट के साथ आपको कई लोगों के बीच अलग निखरने से कोई नहीं रोक सकता।

### शॉर्ट्स के साथ प्रिंटेड ब्लैक शर्ट

अगर आप वैकेशन्स पर हैं,तो प्रिंटेड ब्लैक शर्ट और शॉर्ट्स का कॉम्बिनेशन आपको एकदम कूल और मस्ती वाला फील देगा। इस आउटफिट के साथ अपने सबसे अच्छे सनग्लासेज कैरी करें, अपनी शर्ट के बटन खोलें और फ्लिप-फ्लॉप या जूते पहनकर निकल जाएं एंजॉय करने।

### ब्लेज़र के साथ ब्लैक शर्ट

किसी भी कॉन्ट्रास्ट कलर के ब्लेजर और ब्लैक शर्ट के कॉम्बो से ज्यादा अट्रेक्टिव आउटफिट कोई हो नहीं सकता! कोशिश करें कि वह ब्लेजर अपनाएं जो पेस्टल शेड या हल्के रंग का हो और पैंट/जींस से भी अच्छे से मैच करता हो। उदाहरण के लिए, जब आप काले रंग में ओवरऑल मैचिंग ब्लैक शर्ट कॉम्बिनेशन पैंट पहनते हैं, तो फॉन कलर का ब्लेज़र आप पर बहुत अच्छा लगेगा। ब्राउन कलर के डर्बी शूज़ आपके लुक को पूरा करेंगे।

# पीली चाय के क्या हैं फायदे



**एंटीऑक्सीडेंट की गुणवत्ता**

येलो टी में कैटेचिन और पॉलीफेनोल जैसे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम करते हुए ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखें**

इस चाय में पॉलीफेनोल्स होते हैं, ये एक ऐसा नेचुरल कंपाउंड है जो हार्ट फेलियर और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। फ्रंटियर्स इन कार्डियोवस्कुलर मेडिसिन जर्नल के अध्ययन के अनुसार इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट, एंटीथेरोजेनिक और एंटीहाइपरटेंशन इफेक्ट भी होते हैं, जो जोखिम को कम करते हैं।

**वेट लॉस में प्रभावी है**

कैफीन और कैटेचिन का कॉम्बिनेशन मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में योगदान देता है, जो वेट मैनेजमेंट में आपकी मदद कर सकता है। कैफीन ऊर्जा व्यय को बढ़ावा देने में मदद करता है, जबकि कैटेचिन वसा ऑक्सीकरण में सहायता कर सकता है।

**अब जानें तैयार करने का तरीका:**

- डेढ़ कप पानी उबालें और इसे मध्यम आंच पर दो मिनट के लिए छोड़ दें।
- यदि आप इसे अधिक मजबूत बनाना चाहते हैं, तो इसमें 5 ग्राम येलो टी या इससे अधिक भी मिला सकती हैं। अब 2 से 5 मिनट तक पानी को उबालें।
- अपनी पसंद का स्वीटनर डालें और मिठास को अपने स्वाद के अनुसार सेट करें।
- कुछ मिनटों के बाद इसे छान लें।
- आपकी खूबसूरत येलो टी तैयार है, इसे एंजॉय करें।

# मां बनने वाली हैं तो जरूर जान लें ये टिप्स



मां बनना हर महिला का सपना होता है, जो महिलाएं दूसरी बार मां बनती हैं उन्हें काफी हद तक एक्सपीरियंस होता है,लेकिन जो महिलाएं पहली बार मां बनती हैं उन्हें समझ नहीं आता है कि इतने बदलाव को वह किस तरह से मैनेज करें। इसलिए जरूरी है कि आप मां बनने से पहले कुछ जरूरी चीजें जान लें,ताकि बाद में आपको किसी तरह की दिक्कत न हो।

**पर्सनल हाइजीन जरूर रखें**

जब कोई महिला शिशु को जन्म देती है तो वह कई तरह से संक्रमण से घिरी रहती है। भले ही ये संक्रमण मां को नुकसान न पहुचाएं लेकिन शिशु की इम्युनिटी बहुत कमजोर होती है इसलिए उसे संक्रमित कर सकते हैं। इसलिए मां को हाइजीन का खास ख्याल रखने की सलाह दी जाती है। मां को जरूरत है कि वह बीच-बीच में अपने हाथों को धोती रहे, ब्रेस्ट फीड कराने से पहले अपने स्तनों को किसी गीले कपड़े से पोछें और अपने मुंह व आसपास भी सफाई रखें।

**आराम है जरूरी**

बच्चों और एडल्ट के सोने के समय में बहुत फर्क होता है। बच्चे अक्सर रात में उठते हैं और दिन में सोते हैं। जब बच्चा जगता है,तो वह चाहता है कि उसकी मां उसके सामने हो और उसके साथ खेले। इसलिए कोशिश करें कि जब बेबी सो रहा हो,तो आप भी उसी समय सोएं और उस दौरान अपने कामों की जिम्मेदारी घर के अन्य सदस्यों को दे दें।

**पर्याप्त पोषण लें**

प्रेगनेंसी और शिशु के जन्म के बाद आपके शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं,जिससे आपको एक्स्ट्रा पोषण और न्यूट्रीशन लेने की जरूरत होती है। इसलिए संतुलित डाइट लें और खूब सारा पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रखें।

# टैनिंग से निजात पाने के टिप्स

बहुत जल्द गर्मियां आ रही हैं, ऐसे में अपने स्किन केयर रूटीन में थोड़ा बदलाव करने का भी समय आ गया है। धूप में निकलने से टैनिंग की प्रॉब्लम काफी बढ़ने वाली हैं, जिसकी वजह से कुछ ही दिनों में हम अपने पसंदीदा स्लीवलेस कपड़े पहने से झिझकने लगते हैं। आप सोच रहे होंगे कि धूप में तो हम सर्दियों में भी निकलते हैं, तो उस वक्त इतनी टैनिंग क्यों नहीं होती। ऐसा इसीलिए क्योंकि तब कोहरे की चादर बीच में धूप की तेज को थोड़ा कम कर देती है। आइये जानते हैं समर टैनिंग से निजात पाने के लिए कुछ होम ट्रीटमेंट्स के बारे में।





### नींबू का रस और शहद का मास्क

नींबू का रस एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट है, जो टैन को हल्का करने में मदद करता है। शहद त्वचा को नमी देता है,जिससे स्किन सॉफ्ट होती है। एक कटोरी में एक नींबू निचोड़ें और 2 चम्मच शहद मिलाएं। इन्हें अच्छे से मिलाएं और टैन वाली जगह पर लगाएं। मास्क को लगभग 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर इसे धो लें। जैसे ही आप त्वचा को तौलिए से पोंछेंगे आपको चमक मिलेगी।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा का इस्तेमाल लंबे समय से एक औषधीय पौधे के रूप में किया जाता रहा है और इसके बिना स्किन केयर लगभग अधूरा है। यह स्किन को हाइड्रेटेड रखकर आराम पहुंचाने में मदद करता है और टैनिंग को भी कम करता है। प्रभावित क्षेत्रों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और लगभग 30 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर इसे गुनगुने पानी से धो लें।

### टमाटर का मास्क

एक शोध पत्र के अनुसार, टमाटर विटामिन सी, ई और बीटा कैरोटीन से भरपूर होता है,जो त्वचा को प्राकृतिक चमक देने और चमकदार बनाने में मदद करता है, जिससे उसका प्राकृतिक रंग सामने आता है। एक पके टमाटर को मुलायम गूदे में मिला लें और इसे अपनी त्वचा के टैन वाले क्षेत्रों पर लगाएं। धोने से पहले मास्क को लगभग 15-20 मिनट तक अपनी त्वचा पर लगा रहने दें।

### बेसन और हल्दी स्क्रब

भारत में लगभग सभी स्किन प्रॉब्लम के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। ये सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद 'नुस्खों' में से एक है। बेसन त्वचा को एक्सफोलिएट करने के सही है।

### स्किन सेल्स और टैन को हटाने

में मदद करता है।वहीं हल्दी चमक बिखेरती है और रंग को निखारती है। एक कटोरे में दो बड़े चम्मच बेसन, एक या दो चुटकी हल्दी पाउडर और थोड़ा दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे टैन वाली जगह पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में रगड़ें और सूखने के बाद धो लें।

# कौन सा इनडोर प्लांट देता है खुशबू

अपने घर को खूबसूरत हर कोई दिखाना चाहता है। घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग अपने घर में फोटो फ्रेम, पेंटिंग्स लगाते हैं,लेकिन पेड़-पौधों से भी आप अपने घर को बहुत अच्छा सजा सकते हैं। पेड़-पौधों को घर पर लगाने से घर का वातावरण शुद्ध रहेगा। साथ में आपका घर हरा-भरा भी दिखेगा। घर में पेड़-पौधे लगाने से घर का माहौल भी अच्छा रहेगा। अगर आप अपने घर में पेड़-पौधे लगाने का सोच रहे हैं,तो आप अपने घर में कुछ ऐसे पौधे लगा सकते हैं जो घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ साथ घर में खुशबू भी बनाएं रखेंगे। आइए जानते हैं इन्ही पौधों के बारे में।



### ऑर्किड

ऑर्किड का पौधा आप घर पर लगा सकते हैं। ऑर्किड का फूल बहुत ही सुंदर और आकर्षक होता है। इस पौधे को घर पर लगाने से घर की खूबसूरती बढ़ जाएगी।

### प्लूमेरिया

प्लूमेरिया का फूल देखने में काफी सुंदर होता है। इस पौधे पर पीले और नारंगी के फूल आते हैं, जिनमें से खुशबू भी काफी अच्छी आती है। इन फूलों की खुशबू काफी स्टॉग होती है ।



### पीस लिली

पीस लिली सफेद रंग के फूल होते हैं,जो शांति का प्रतीक होते हैं। पीस लिली को आप घर में लगा सकते हैं। पीस लिली को घर में लगाने से घर का वातावरण काफी अच्छा रहेगा।





### कैलेडियम

कैलेडियम के पौधे के पत्ते बाकी पौधों के पत्ते से काफी अलग होते हैं। इस पौधे के पत्ते पर गुलाबी, सफेद और हरे रंग से डिजाइन बना होता है। ऐसे में आप कैलेडियम को अपने घर पर रख सकते हैं।

### लैवेंडर

लैवेंडर के फूल घर में सजाने के लिए बेस्ट चॉइस है।लैवेंडर के फूलों में से काफी अच्छी खुशबू आती है। इन्हे घर में लगाने से आपका मूड भी फ्रेश रहेगा।



# मुख्यमंत्री ने जनपद वासियों को दी बड़ी सौगात

## 1,467 करोड़ रुपए की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास

### प्रधानमंत्री के विजन ने आस्था और आजीविका के नये स्रोत को खोला: योगी

### एनटीपीसी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कर जनसभा को किया संबोधित

### दादरी में की राजकीय डिग्री कॉलेज, 100 बेड का अस्पताल, आईटीआई और स्टेडियम बनाने की घोषणा

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों के लिए शनिवार का दिन बेहद खास रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के नागरिकों पर सौगातों की जमकर बरसात की। उन्होंने 1,467 करोड़ रुपए की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। साथ ही नोएडा में स्थापित 14 औद्योगिक इकाईयों को 617 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी। इस दौरान ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित एनटीपीसी (जारचा) में आवासीय परिसर के बाहर राष्ट्रीय गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी ने महाराणा प्रताप के स्वाभिमान, स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अद्वितीय समर्पण को याद करते हुए उन्हें सच्चा राष्ट्रनायक बताया। एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप स्टेडियम में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने उनकी वीरता की गाथा को विस्तार से बयां किया। उन्होंने यह भी कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरू गोविंद सिंह जी महाराज हैं, ना कि अकबर या औरंगजेब। वहीं मुख्यमंत्री ने राणा सांगा की वीरता का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंन्द्र सिसोदिया, विधायक दादरी तेजपाल नागर, विधायक नोएडा पंकज सिंह, एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा, नरेन्द्र भाटी, विधायक धर्मेश सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष ग्रेटर नोएडा गजेन्द्र मावी, जिलाध्यक्ष नोएडा मनोज गुप्ता, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह सहित शासन एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




### इन योजनाओं का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री द्वारा जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ उनमें ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी-जारचा मार्ग से वीरपुरा-खण्डेरा कोट का पुल एवं अजायबपुर फाटक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नोएडा में रैनीवेल संख्या-1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 का सुदृढ़ीकरण, नोएडा में पूर्व स्थापित 7 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट (टीटीपी), डीएफसीसी रूट के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा में गाजियाबाद-टूंडला रेल सेक्शन के समपार संख्या-141 किमी-1403/01-11 एवं समपार संख्या-143 किमी-1406/33-35 पर 2 लेन के दो रेल उपरिगामी सेतु, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा में नर्सिंग कॉलेज का एकेडमिक भवन, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर चैनेज-16.900 एवं चैनेज 6,100 किमी पर डायफ्रॉम वॉल तकनीक से दो मेजर अंडरपास, जेपी फ्लाईओवर से टी-पॉइंट सेक्टर-144 के सामने मेट्रो पिलर संख्या-469 तक आरसीसी ड्रेन, सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-144 के सामने मेट्रो पिलर संख्या-469 तक आरसीसी ड्रेन तथा सेक्टर-62 स्थित बड़े डी-टाइप पार्क का सौंदर्याकरण शामिल है। इसके अलावा नोएडा सेक्टर-1 में 45 एमएलडी क्षमता की एसटीपी, नोएडा के ग्राम अस्तौली में डंपिंग ग्रांउड में 300 टीपीडी, बायो गैस सीएनजी प्लांट, नोएडा के सेक्टर इकोटेक-9 में 60 मीटर चौड़ी सडक, आरसीसी ड्रेन एवं सीवर लाइन तथा नोएडा के ग्राम पाली एवं थापखेड़ा क्षेत्र में 60 मीटर एवं 45 मीटर चौड़ी पेरीफेरियल सडक शामिल है।

### गौतमबुद्ध नगर के लिए की कई घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर के लिए कई घोषणाएं कीं, जिनमें राजकीय डिग्री कॉलेज, 100 बेड का चिकित्सालय, आईटीआई और स्टेडियम शामिल हैं। उन्होंने किसानों के लिए सर्किल रेट बढ़ाने और बाईपास निर्माण की बात पर भी सहमति जताई। उन्होंने मुख्य सचिव को कहा कि यहां ऐसा आईटीआई बनना चाहिए, जहां एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित सभी मॉर्डन टेक्नोलॉजी की जानकारी युवाओं को दी जाए। उन्होंने बताया कि जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट लगभग तैयार है, फिल्म सिटी बन रही है। गौतमबुद्ध नगर विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि आज उत्तर प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित हैं, प्रदेश की महिलाएं स्वावलंबी होंगी, तो उत्तर प्रदेश विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा।

### महाकुम्भ और ब्रजभूमि में चल रहे होली उत्सव का किया जिक्र

मुख्यमंत्री ने हाल ही में संपन्न हुए महाकुम्भ और ब्रजभूमि में चल रहे होली उत्सव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चले महाकुम्भ में 66 करोड़ 30 लाख लोग आए, लेकिन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यह हमारी संस्कृति और सुरक्षा का प्रमाण है। ब्रजभूमि के रंगोत्सव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि विदेशी आश्चर्यचकित हैं कि भारत में कोई भेदभाव नहीं, सब एक साथ रंगों में सराबोर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना करते हुए कहा कि आस्था और आजीविका के नए स्त्रोत खुल रहे हैं। हमारी संस्कृति हमारी समृद्धि का आधार बन रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम, श्रीकृष्ण, महादेव, मां गंगा और मां यमुना की कृपा के साथ ही अब यूपी पर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद भी बरस रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ को लेकर विधर्मियों ने जितनी अफवाह फैलाने की कोशिश की, सनातन धर्मावलम्बियों ने उतने ही अधिक संख्या में प्रयागराज पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई। गंगाजल को दूषित बताया गया, मगर शायद उन्हें पता नहीं कि बहता पानी और रमता जोगी कभी अशुद्ध नहीं होता। हर सनातनी त्रिवेणी के पवित्र जल को आस्था के रूप में देखता है। पूरी दुनिया के लोग प्रयागराज आए और उत्तर प्रदेश के बारे में अच्छे विचार लेकर लौटे।

### सीएम ने किया माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर का शिलान्यास

#### देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ नोएडा और ग्रेटर नोएडा : योगी




**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर सेक्टर-128 स्थित जेपी विश टाउन के हेलीपैड पर उतरे। इसके बाद वह सिफी कंपनी के डेटा सेंटर और एमओक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी का भी शुभारंभ किया, साथ ही सीएम योगी ने सेक्टर-145 नोएडा में स्थित माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर का शिलान्यास किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के बड़े आईटी हब के रूप में विकसित हुआ है। यह क्षेत्र आज के युवा और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। आज का युवा अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने प्रदेश में 15 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव को जमीन पर उतारा है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही नौकरी देने में हमने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों में कानून व्यवस्था तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाया है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से सिंगल विंडों के जरिए निवेशकों को राहत दी गई है। एमओयू मॉनीटनिंग के लिए निवेश सारथी पोर्टल से योजनाओं को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने उद्यमियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार उनकी सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है जो निवेश उत्तर प्रदेश में किया जा रहा है उसका उन्हें लाभ जरूर मिलेगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत माइक्रोसॉफ्ट की टीम उपस्थित रही।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में Microsoft नोएडा कैम्पस के कार्यालय के भूमि पूजन में सम्मिलित हुए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में सिफी इन्फिनिट स्पेसेस लिमिटेड के उत्तर भारत के सबसे बड़े AI सक्षम डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को आगे बढ़ाते हुए नया उत्तर प्रदेश पिछले 8 वर्षों में डेटा सेंटर हब के रूप में उभरा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में 'शारदा केयर-हेल्थ सिटी' का उद्घाटन किया। 600 बैड के इस हॉस्पीटल में हर अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गौतमबुद्धनगर में शनिवार को MAQ Software के AI इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया। यह सेंटर Artificial intelligence के क्षेत्र में Research & Development की नई संभावनाओं को आगे बढ़ाएगा। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर भी प्राप्त होंगे।